हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 225, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 16 फरवरी, 2024 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करना होगा : सुप्रीम कोर्ट

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना रद करते हुए कहा, जनता को जानने का अधिकार है




नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने चुनाव बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिया है। चुनावी साल में सरकार को यह बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने कहा कि है कि जनता को सूचना का अधिकार है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया साल 2023 के अप्रैल महीने से लेकर अब तक की सारी जानकारियां चुनाव आयोग को दे और आयोग ये जानकारी कोर्ट को दे। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवी चंद्रचूड़ ने कहा कि इस मामले में सुनवाई कर रहे सभी जजों ने सर्वसम्मति से अपना फैसला सुनाया है। केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना की कानूनी वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि दो अलग-अलग फैसले हैं - एक उनके द्वारा लिखा गया और दूसरा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा और दोनों फैसले सर्वसम्मत हैं। फैसला सुनाते हुए सीजेआई ने कहा कि चुनावी बॉन्ड सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। सरकार से पूछना जनता का कर्तव्य है। इस फैसले पर जजों की राय है। कोर्ट ने आगे कहा, चुनावी बॉन्ड योजना, अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन है। कोर्ट ने इसे असंवैधानिक माना है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि चुनावी बॉन्ड के माध्यम से कॉर्पोरेट योगदानकताओं के बारे में जानकारी का खुलासा किया जाना चाहिए क्योंकि कंपनियों द्वारा दान पूरी तरह से बदले के उद्देश्य से है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि दो अलग-अलग फैसले हैं एक उनके द्वारा लिखा गया और दूसरा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा और दोनों फैसले सर्वसम्मत हैं। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया में प्रासंगिक इकाइयां हैं और चुनावी विकल्पों के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी आवश्यक है। सीजेआई ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को तीन हफ्ते में सारी जानकारी देनी होगी। कोर्ट ने कहा- काले धन को रोकने के लिए दूसरे रास्ते भी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि बैंक तत्काल चुनावी बांड जारी करना बंद कर दें। चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर याचिकाकर्ता जया ठाकुर ने कहा, "अदालत ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों को कितना पैसा और कौन लोग देते हैं इसका खुलासा होना चाहिए। 2018 में जब यह चुनावी बॉन्ड योजना प्रस्तावित की गई थी तो इस योजना में कहा गया था कि आप बैंक से बॉन्ड खरीद सकते हैं और पैसा पार्टी को दे सकते हैं जो आप देना चाहते हैं लेकिन आपका नाम उजागर नहीं किया जाएगा, जो कि सूचना के अधिकार के खिलाफ है। इन जानकारियों का खुलासा किया जाना चाहिए। इसलिए मैंने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की जिसमें मैंने कहा कि यह पारदर्शी होना चाहिए और उन्हें नाम बताना चाहिए और राशि, जिसने पार्टी को राशि दान की। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद वकील प्रशांत भूषण ने कहा, "सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया है और इसे लागू करने के लिए किए गए सभी प्रावधानों को रद्द कर दिया है।

### यूपी के मंत्री बोले- रायबरेली की जनता के साथ सोनिया गांधी ने धोखा किया है



रायबरेली। रायबरेली जिले की सांसद सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा जाने के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने और मार्मिक पत्र जारी करने को लेकर राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने जिले की जनता के साथ धोखा किया है। यह परिवार अमेठी और रायबरेली के साथ पहले भी धोखा करता आया है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह बृहस्पतिवार को जिला पंचायत के सभागार में मीडिया से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने राज्यसभा से जाकर जनता के साथ धोखा किया और अब मार्मिक पत्र जारी करके जनता की भावनाओं के साथ खेलने का काम कर रहे हैं। इस परिवार से यदि कोई रायबरेली आता है तो जनता उसे कभी माफ नहीं करेगी। राज्यमंत्री ने राहुल गांधी की यात्रा को नाटक करार दिया है। गांधी परिवार ने रायबरेली नहीं देश की जनता के साथ भी छल किया है। सोनिया ने इससे पहले कभी अपने ससुर फिरोज गांधी का नाम नहीं लिया लेकिन मार्मिक पत्र में उनका भी जिक्र किया है।

## किसानों के दिल्ली कूच पर सीएम मनोहर लाल का बयान, कहा- जाना क्यों है, पहले मकसद तो स्पष्ट करें




चंडीगढ़। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल ने गुरुवार को किसानों के दिल्ली कूच पर बयान दिया। सीएम मनोहर लाल ने कहा कि किसानों के तरीके से आपत्ति है। वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखें। ट्रैक्टर खेती के लिए है, ट्रांसपोर्ट के लिए नहीं। बातचीत से समाधान निकलेगा। दिल्ली जाना सबका लोकतांत्रिक अधिकार है लेकिन जाने से पहले मोटिव होना चाहिए। सीएम ने कहा कि पिछले साल किसान आंदोलन में क्या हुआ था सबने देखा। किसानों ने पहले भी आंदोलन किया था लेकिन इससे आम लोगों को परेशानी होती है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका पंजाब का अनुभव अभी नया-नया है। हरियाणा जैसी परेशानी झेलेंगे, तब समझ आएगा। बॉर्डर सील होने से लोग परेशान होते हैं। सीएम बोले हमारा किसान संतुष्ट है, पंजाब को देखना चाहिए। पंजाब के किसानों की समस्याओं का हल पंजाब को ही निकालना है। पंजाब के किसानों से मुख्यमंत्री ने अपील की कि वे अपनी समस्या पंजाब सरकार के सामने रखें। पंजाब सरकार किसानों की समस्याओं को ठीक से सुने। हरियाणा सरकार भी किसानों को भावांतर भरपाई दे रही है। हरियाणा बजट को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा का बजट जनहित का होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि चुनावी साल में बजट से ज्यादा महत्वपूर्ण मेनिफेस्टो होता है। इस दौरान सीएम ने कहा कि ऊर्जा हमारी लाइफलाइन है। जिस युग में हम चल रहे हैं उसमें ऊर्जा जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग बन गया है। हरियाणा में पिछले 9 साल में हमने ऊर्जा के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण काम किया है। 2014 में जब हमने सत्ता संभाली थी तब डिमांड 9 हजार मेगावाट थी अभी बिजली की डिमांड बढ़कर 14 हजार मेगावाट हो गई है। हम लगातार इसकी आपूर्ति बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने पंचायत कार्यों के लेबर रेट में बढ़ोतरी की घोषणा करते हुए कहा कि अब ग्राम पंचायत को परेशानी नहीं आएगी।

### शंभू-दातासिंह वाला सीमा पर फिर टकराव, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले-रबड़ बुलेट; किसानों का बड़ा एलान

चंडीगढ़/करनाल/रोहतक/पटियाला। दिल्ली के लिए निकले पंजाब के किसानों और सुरक्षाबलों के बीच कई बार टकराव हुआ। दातासिंह वाला बॉर्डर पर रबड़ की गोलियां लगने से पांच किसान और शंभू बॉर्डर पर एक एएसआई समेत 6 पुलिसकर्मी घायल हो गए। दातासिंह वाला बॉर्डर पर किसानों ने हरियाणा सीआईडी के कर्मचारी सत्येंद्र पाल सिंह को बंधक बना लिया। सीआईडी कर्मचारी किसानों के बीच बैठकर उनकी रणनीति जानने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस द्वारा कुछ जगहों पर आंसू गैस के गोले दागने से नाराज हरियाणा के किसान संगठन और खाप पंचायतें किसानों के समर्थन में आ गईं हैं और बैठक बुलाई है। उनका कहना है कि वह किसानों के साथ हैं, मगर आंदोलन में शामिल होने का फैसला बैठक के बाद लेंगे। उधर, दूसरी तरफ केंद्र सरकार से दो बार वार्ता विफल होने के बाद दिल्ली कूच पर अड़े किसानों और केंद्र सरकार के बीच अब रविवार को चंडीगढ़ में शाम पांच बजे तीसरे दौर की बातचीत होगी।

## सोनिया गांधी ने रायबरेली की जनता को लिखा पत्र, अब चुनाव नहीं लड़ पाऊंगी, परिवार को संभाल लीजिएगा



लखनऊ। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने राज्यसभा चुनाव के लिए राजस्थान से नामांकन दाखिल करने के एक दिन बाद रायबरेली की जनता को एक भावुक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए अगला चुनाव न लड़ने की बात कही है। हालांकि, रायबरेली से गहरा रिश्ता बताते हुए आगे भी परिवार को संभालने की अपील की है। उनकी अपील से स्पष्ट हो गया है कि गांधी परिवार का ही कोई शख्य रायबरेली से चुनाव लड़ेगा। सोनिया गांधी ने पत्र में लिखा है कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। यह नेह - नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तें की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फीरोज गांधी को यहां से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनाव में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, मैं यह कभी भूल नहीं सकती। यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत हूं और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन यह तय है कि मेरा मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा। मुझे पता है कि आप भी हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे जैसे अब तक संभालते आये हैं। उन्होंने जल्द मिलने का भी वादा किया।

## राज्यसभा चुनावः भाजपा के आठवें उम्मीदवार संजय सेठ ने दाखिल किया नामांकन, सपा में सेंध लगना तय

लखनऊ। यूपी के राज्यसभा चुनाव में भाजपा ने आठवां प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया है। आठवें प्रत्याशी के रूप में संजय सेठ नामांकन दाखिल करेंगे। इस निर्णय से प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। संजय सेठ भाजपा कार्यालय पहुंच गए हैं। भाजपा के आठवें प्रत्याशी के नामांकन दाखिल करने के बाद सपा विधायकों में सेंध लगना तय है। भाजपा के पास 290 वोट हैं। सात प्रत्याशियों की जीत के लिए 261 मत की आवश्यकता है। पार्टी के पास 29 वोट अतिरिक्त है। एक प्रत्याशी के लिए 37.3 वोट चाहिए। इस तरह भाजपा को आठवीं सीट के लिए 8 वोट और चाहिए। संजय सेठ पुराने सपाई नेता है। वह सपा में सेंध लगाने का प्रयास करेंगे। दरअसल, सपा विधायक पल्लवी पटेल ने पार्टी की तरफ से घोषित किए गए प्रत्याशियों को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा था कि हम पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों से वोट लेते हैं लेकिन राज्यसभा के प्रत्याशियों में इन वर्गों की अनदेखी की गई है। उन्होंने सपा प्रत्याशियों को वोट न करने का एलान किया है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि अपने आठवें प्रत्याशी के लिए भाजपा सपा में सेंध लगाने में कामयाब रहेगी। भाजपा के सात प्रत्याशियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल कर दिया है। पार्टी ने नवीन जैन, साधना सिंह, आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, तेजवीर सिंह, अमरपाल मौर्य और संगीता बलवंत बिंद को प्रत्याशी बनाया है।



## शहाबुद्दीन बरेलवी ने अखिलेश यादव को लिखा पत्र, बोले- इंडिया गठबंधन में धोखा न करें, भाजपा को वॉकओवर न दें



लखनऊ। आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखकर इंडिया गठबंधन से धोखा न करने की नसीहत दी है। साथ ही कांग्रेस को उसकी वरीयता वाली सीटें देने की अपील की है। यह भी कहा है कि सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन धर्म नहीं निभाया तो माना जाएगा कि वह किसी न किसी रूप में भाजपा को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। बरेलवी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजे गए पत्र में कहा कि आप पीडीए अभियान चला रहे हैं। वर्ष 2022 के चुनाव में मुसलमानों ने 98 प्रतिशत वोट देकर ज्यादा से ज्यादा सीटें जिताने का कार्य किया। मुसलमानों के इतने समर्थन के बाद भी राज्यसभा की सीट के लिए एक भी मुसलमान नहीं उतारा गया। इससे समाज के लोगों को तकलीफ हुई है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस अच्छी स्थिति में थी लेकिन सपा ने उम्मीदवार उतार कर गठबंधन धर्म नहीं निभाया। उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन में सपा की अच्छी स्थिति है लेकिन नकारात्मक रवैए की वजह से रालोद गठबंधन से अलग हो चुका है। अब सपा की ओर से यही नकारात्मक रवैया कांग्रेस के प्रति भी अपनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में सपा की ओर से कांग्रेस को गलत सीटें दी जा रही हैं। इससे स्पष्ट है कि आप लोकसभा में भाजपा के खिलाफ कमजोर उम्मीदवार उतारने की मंशा रखते हैं। लखनऊ में राजनाथ सिंह के खिलाफ जिस उम्मीदवार की घोषणा की गई है। उससे भी यही प्रतीत होता है कि भाजपा को वॉकओवर दे दिया गया है। बरेलवी ने कांग्रेस की तारीफ करते हुए लिखा है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पूरे देश में नफरत के खिलाफ यात्रा निकाल रहे हैं। वह संविधान बचाने, अमन पसंद लोगों को एकजुट करने में जुटे हैं। ऐसे में सपा को साथ देना चाहिए। भाजपा को रोकने के लिए सपा और कांग्रेस को एक मंच पर आना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में फिरकापरस्त ताकतों को मजबूत करने की गलती न करें।

## संदेशखाली पर ममता के बयान की मांग पर अड़ी भाजपा, सदन से किया वॉकआउट



कोलकाता। संदेशखाली में जारी हंगामे के बीच भाजपा विधायकों ने गुरुवार को सदन में सीएम ममता बनर्जी से संदेशखाली के मुद्दे पर बयान देने की मांग की। अपनी मांग को लेकर भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया और विरोध में सदन से वॉकआउट किया। पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा के चीफ व्हिप मनोज तिग्गा ने सदन में भाजपा विधायकों का नेतृत्व किया। स्पीकर बिमान बंदोपाध्याय ने भाजपा विधायकों को सदन की मयार्दा बनाए रखने की अपील की, लेकिन भाजपा विधायकों ने हंगामा जारी रखा।

सदन से वॉकआउट के बाद मीडिया से बात करते हुए तिग्गा ने कहा 'सीएम मुद्दे पर कोई बयान नहीं दे रही हैं, ऐसे में हमने सदन से वॉकआउट का फैसला किया। संदेशखाली में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है और हमें वहां जाने नहीं दिया जा रहा है।' टीएमसी के चीफ व्हिप निर्मल घोष ने भाजपा के विरोध पर कहा कि भाजपा राज्य के माहौल को गरमाना चाहती है और सदन की कार्यवाही को बाधित कर रही है। सोमवार को सदन में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी समेत छह भाजपा विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया गया था। सदन से निलंबित भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा 'हमने निलंबन के खिलाफ एक घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। संदेशखाली में जो हुआ, उसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए ममता बनर्जी ने मुझे और चार अन्य विधायकों को विधानसभा से निलंबित कर दिया। हम धारा 144 का पालन करते हुए संदेशखाली जा रहे हैं।' भाजपा का आरोप है कि संदेशखाली में स्थानीय लोगों पर टीएमसी नेताओं द्वारा अत्याचार किया जा रहा है।

## एससी का फैसला नोटों पर वोट की शक्ति को मजबूत करेगा', चुनावी बॉन्ड को लेकर केंद्र पर भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली। चुनावी साल में केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने चुनावी बॉन्ड स्कीम को रद्द कर दिया है। अदालत ने गुरुवार को अहम फैसला सुनाते हुए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को इसकी जानकारी देने का आदेश दिया है। वहीं, इस फैसले के बाद विरोधी दलों को केंद्र पर निशाना साधने का मौका मिल गया है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने बीजेपी को आड़े हाथ लिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इसको लेकर एक ट्वीट किया है। जयराम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार की बहुप्रचारित चुनावी बॉन्ड योजना को संसद द्वारा पारित कानूनों के साथ-साथ भारत के संविधान दोनों का उल्लंघन माना है। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। कांग्रेस नेता ने ये भी कहा कि अदालत का फैसला नोटों पर वोट की शक्ति को मजबूत करेगा। मोदी सरकार चंदादाताओं



को विशेषाधिकार देते हुए अन्नदाताओं पर अत्याचार कर रही है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि ये लोकतंत्र के लिए आशा की बड़ी किरण है। ये स्कीम बीजेपी को मजबूत करने के लिए लाई गई थी। हर किसी को पता है कि बीजेपी सत्ता में है और चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा बीजेपी के पास ही आएगा। दिलचस्प बात है कि इसका चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। ये बीजेपी और कॉर्पोरेट सेक्टर के बीच का बंधन था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चुनावी बॉन्ड संविधान के तहत सूचना के अधिकार और भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है। अदालत ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और आयकर कानूनों सहित विभिन्न कानूनों में किए गए संशोधनों को भी अमान्य ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि एसबीआई बॉन्ड जारी करना बंद कर देगा। साथ ही एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉन्ड का ब्योरा चुनाव आयोग को देना होगा।

## राज्यसभा चुनावः राजद प्रत्याशी मनोज झा और संजय यादव ने किया नामांकन, लालू-राबड़ी भी रहे मौजूद



पटना। राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी के तौर पर प्रोफेसर मनोज कुमार झा एवं संजय यादव ने आज बिहार विधानसभा सचिव के समक्ष दो-दो सेट में अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, तेज प्रताप यादव, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, आलोक कुमार मेहता समेत दूसरे कई अन्य नेता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दो युवा नेताओं को राज्यसभा भेजे जाने का अन्य नेताओं ने स्वागत किया है। उदय नारायण चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, शक्ति यादव, चितरंजन गगन, रणविजय साहू, श्याम रजक ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं युवाओं के प्रति मजबूत संकल्पों के साथ बेहतर सोच रखने नेतृत्वकर्ता नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा जो दोनों उम्मीदवारों का चयन किया गया है, इससे पार्टी को काफी फायदा होगा और इससे युवाओं के बीच कार्य करने वाले लोगों का मनोबल बढ़ेगा।

## संपादकीय

# सांस्कृतिक-आर्थिक साझेदारी

यूं तो एक दशक में प्रधानमंत्री का संयुक्त अरब अमीरात का सातवां दौरा मध्यपूर्व में सबसे बड़े हिंदू मंदिर के निर्माण के कारण ज्यादा चर्चा में है, लेकिन सही मायनों में यह यात्रा कारोबारी रिश्तों को नए आयाम देने वाली भी है। इस यात्रा के दौरान दोनों मुल्कों ने दस अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए हैं। जिसमें आर्थिक गतिविधियों को सहजता प्रदान करने के लिये यूपीआई पेमेंट सिस्टम का लॉन्च करना भी शामिल है। भारत और यूएई के बीच गहरे होते रिश्तों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 1970 तक दोनों देशों के बीच जो सालाना व्यापार महज 18 करोड़ डॉलर का था वह अब बढ़कर 85 अरब डॉलर तक जा पहुंचा है। अमेरिका के बाद भारत यूएई को सबसे ज्यादा सामान निर्यात करता है जो वर्ष 2022-23 में बत्तीस अरब डॉलर के करीब था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में भारत ने यूएई के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता किया था। वहीं अब द्विपक्षीय समझौते से भारत में निवेश बढ़ने की उम्मीद है। इसके साथ ही भारत के यूपीआई के यूएई की एएएनआई से इंटरलिंक के बाद दोनों देशों में पैसे का ट्रांसजेक्शन सहजता से हो सकेगा। हाल की प्रधानमंत्री की यूएई यात्रा में ऊर्जा सुरक्षा, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा संग्रहण आदि मुद्दों पर सहमति बनी है। वहीं इंडिया मिडल ईस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर को लेकर भी यूएई सहमत है। जो कच्चे तेल आदि की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती देगा। इसके अलावा दोनों देशों में प्राचीन दस्तावेजों के रखरखाव व पुनरुद्धार पर भी सहमति बनी है। आज जब यूएई भारत में विदेशी निवेश के मामले में सातवें स्थान पर है तो इससे दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में गर्मजोशी का अहसास किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि जहां यूएई भारत के लिए चौथा बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता देश है, वहीं भारत से यूएई को खाद्य पदार्थ ,महंगी धातु, हीरे-जवाहरात, खनिज पदार्थ , कपड़े, मशीनरी व इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात होता है। यूएई में भारत के प्रवासियों की श्रमशक्ति एक बड़ी ताकत है। करीब पैंतीस लाख भारतीय हर साल अपनी कमाई में से बीस अरब डॉलर की धनराशि भारत भेजते हैं। अब भारतीय वहां महज श्रमिक के रूप में नहीं जाते। करीब पैंतीस फीसदी भारतीय अब प्रतिष्ठा वाले कामों में लगे हैं। वैसे प्रधानमंत्री की संयुक्त अरब अमीरात की सातवीं यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण है। इस चुनावी वर्ष में यूएई में सबसे बड़े हिंदू मंदिर के उद्घाटन के चलते यह यात्रा खासी चर्चा में रही है। इस मंदिर के लिये भूमि राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाह्यान ने लीज पर दी है। आबूधाबी में एक स्टेडियम में साठ हजार से अधिक प्रवासी भारतीयों को संबोधन तथा मंदिर के उद्घाटन से प्रधानमंत्री की यात्रा भारत व यूएई के मीडिया की सुर्खियों में रही है। एक इस्लामिक देश में एक बड़े मंदिर का बनना यूएई की सहिष्णुता का ही परिचायक है। दोनों देशों के संबंधों की गर्मजोशी इस बात से पता चलती है कि यूएई के राष्ट्रपति पिछले दिनों वाइब्रेंट गुजरात कार्यक्रम में भाग लेने गुजरात आए थे और एक रोड शो में भी शामिल हुए। दरअसल, हाल के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय राजनय में भारत की बढ़ती भूमिका और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने यूएई को भारत के महत्व का अहसास कराया है। जिसके चलते कुछ वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री मोदी को यूएई का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ जायेद प्रदान किया गया था। निस्संदेह, भारत व खाड़ी के इस देश के बीच इतने गहरे ताल्लुकात कभी नहीं रहे हैं। यूएई में साहिष्णुता व बहुरंगी संस्कृति की एक वजह यह भी है कि वहां के मूल निवासी बारह फीसद के करीब हैं और बहुसंख्यक आबादी प्रवासी है। करीब दो सौ देशों की बड़ी प्रवासी आबादी में एक तिहाई आबादी भारतीयों की है। जो राजशाही के बावजूद यूएई की विदेश नीति को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। बहरहाल, आज भारत व यूएई के संबंध ऐतिहासिक दौर में हैं। जिसमें भारत के मजबूत नेतृत्व की बड़ी भूमिका को संयुक्त राज्य अमीरात का नेतृत्व पसंद भी करता है।

# जलवायु परिवर्तन के संकेतक बने कीट-पतंगे

जनवरी के अंतिम दिन हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड के ऊपरी इलाकों में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। लगभग डेढ़ महीने देर से, बदलते मौसम के मिजाज के दौर में बर्फबारी रहित सर्दियां हिमालय में भविष्य के बारे में चिंताएं बढ़ाती हैं। जबकि हमने कश्मीर में सुनसान गुलमर्ग घाटी में खाली स्की रिसॉर्ट्स की तस्वीरें देखी हैं और पर्यटकों द्वारा होटल बुकिंग रद्द करने की रिपोर्टें पढ़ी हैं, कृषि उत्पादन और पानी की उपलब्धता पर असर, नदियों में पानी के प्रवाह में कमी और फलों की फसलों पर शुष्क सर्दियों के प्रभाव- इन सभी पर चर्चा हो चुकी है, लेकिन लद्दाख में एक स्थानीय ग्रामीण की टिप्पणी ने मेरा ध्यान खींचा। इस साल सर्दी वैसी लद्दाखी सर्दी जैसी नहीं लग रही है। यह बहुत गर्म है। इस बार हम चरम सर्दियों में घरेलू मक्खियों और तितलियों जैसे कई कीटों को जीवित देख सकते हैं। यह लद्दाख जैसी जगह के लिए बहुत ही असामान्य है, डाउन टू अर्थ पत्रिका के पिछले अंक में एक स्थानीय निवासी कुंचोक दोरजै को उद्धृत किया गया था। उन्होंने जो कहा उसने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया। सबसे पहले, यह मुझे ग्लोबल वार्मिंग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में बोलने के लिए यूरोप की यात्राओं की याद दिलाता है जब मैं अपने मेजबानों से कहता था कि वह समय बहुत दूर नहीं है जब जलवायु गर्म होने के साथ-साथ, घरेलू कीड़े-मकोड़े जिनसे आप लोग घृणा करते हैं- और जिनमें मच्छर और तिलचट्टे भी शामिल हैं- समशीतोष्ण जलवायु में तेजी से दिखाई देंगे। तो मैं कहता था कि कीटों के हमले के लिए तैयार रहें। वे इसे हल्के-फुल्के अंदाज में खारिज कर देते, लेकिन हकीकत अब सामने आ रही है। सर्दियां आती हैं, और आम तौर पर हम मच्छर-मक्खियों को गायब होते देखते हैं। फिर गर्मी का मौसम शुरू होते ही ये कीट वापस आ जाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि जैसे-जैसे मौसम गर्म होता है, कीट जलवायु परिवर्तन पर प्रतिक्रिया करते हैं, और उत्तर की ओर बढ़ रहे हैं। पारिस्थितिकी तंत्र की जटिलताएं और गर्म होता तापमान इस बात की दिलचस्प अंतर्दृष्टि प्रदान करता है कि दुनिया जिस जलवायु आपातकाल का सामना कर रही है, उस पर कीट जगत कैसे प्रतिक्रिया दे रहा है। क्योंकि दुनिया पहले ही ग्लोबल वार्मिंग से वैश्विक उबलने के युग में पहुंच चुकी है, इसलिए कीट प्रजातियां कठोर जलवायु पर कैसे प्रतिक्रिया देंगी, यह बारीकी से देखा जाना चाहिए। परंतु यदि मक्खियों ओर तितलियों जैसे कीट सर्दियों में आसपास दिखाई दिये हैं तो यह केवल असामान्य ही नहीं होगा बल्कि कीटों के इस बदलते व्यवहार को करीब से समझने की जरूरत है। गर्मी से बचने के लिए कीटों की और ज्यादा प्रजातियों के उत्तर की ओर रुख करने के साथ ही वह समय दूर नहीं जब कॉक्रोच और मच्छर भी उत्तर की ओर जाने लगें। वैसे भी, जबकि इस वर्ष मौसम के असामान्य पैटर्न ने हमारे साथ-साथ नीति निमार्ताओं का ध्यान पर्यावरणीय प्रभावों और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर होने वाले असर की ओर आकर्षित किया है, हम यह कल्पना करने में विफल रहते हैं कि तापमान में वैश्विक वृद्धि का कीट प्रजातियों के व्यवहार और वितरण पर क्या प्रभाव पड़ता है। हालांकि इस बारे में बहुत कुछ ज्ञात है कि कैसे बर्फ रहित सर्दी सेब के बागानों को सर्दियों के महीनों में जरूरी ठंडे तापमान से वंचित कर देती है, और मिसाल के तौर पर खुबानी सर्दियों में जल्दी क्यों फूलने लगती है। मानव आबादी के साथ इसके संपर्क के कारण पक्षियों और जानवरों पर भी इसके प्रभाव को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। उदाहरण के लिए, इटली में सस्सारी विश्वविद्यालय और फेरारा विश्वविद्यालय के अध्ययनों से पता चला है कि यूरोप में अल्पाइन बकरियां थकावट से बचने के लिए अब रात में बाहर जा रही हैं। यह दिन की गर्मी से बचने के लिए है लेकिन अन्य खतरों को भी आमंत्रित कर सकता है।

# सोनिया गांधी ने संसद पहुँचने के लिए इस बार लोकसभा की बजाय राज्यसभा की राह क्यों पकड़ी?

**नीरज कुमार दुबे**

सोनिया गांधी ने राजस्थान से राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इसी के साथ ही उत्तर प्रदेश के रायबरेली संसदीय क्षेत्र से निवर्तमान सांसद सोनिया गांधी ने लोकसभा में अपनी राजनीतिक पारी को विराम देते हुए राज्यसभा की राह पकड़ ली है ताकि वह संसद की सदस्य बनी रह सकें। वैसे पहले ही माना जा रहा था कि चूंकि सोनिया गांधी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है इसलिए वह लोकसभा चुनाव लड़ने की बजाय राज्यसभा के जरिये संसद पहुँचें। लेकिन यदि वाकई अस्वस्थता के चलते ही सोनिया लोकसभा की बजाय राज्यसभा जा रही हैं तो यह सोच बिल्कुल भी ठीक नहीं है। यह सही है कि वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और मार्गदर्शन की सभी पार्टियों को आवश्यकता होती है लेकिन यह तो जरूरी नहीं है कि वह वरिष्ठ व्यक्ति संसद के किसी सदन का हिस्सा होगा तभी उसके अनुभव का लाभ उठाया जा सकेगा।

राज्यसभा की एक सीट अस्वस्थ व्यक्ति को देने की बजाय किसी ऐसे ऊर्जावान व्यक्ति को देनी चाहिए जो देश और समाज के लिए अधिक परिश्रम के साथ काम कर सके। यहां हमारा यह कहने का बिल्कुल भी आशय नहीं है कि बुजुर्ग और अस्वस्थ व्यक्ति को किनारे कर देना चाहिए। दरअसल जिस तेजी के साथ दुनिया आगे बढ़ रही है उसी तेजी से हमें भी कदम ताल बनाये रखने या दुनिया से आगे निकलने के लिए और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है। इसे उदाहरण के साथ समझें तो देखें कि अब तक राजस्थान से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह राज्यसभा सदस्य थे। यह सही है कि डॉ. मनमोहन सिंह ने देश के लिए कई मायनों में अहम योगदान दिया है लेकिन सवाल उठता है कि क्या वह अपने इस कार्यकाल में राज्यसभा में कोई सार्थक काम कर पाये या राजस्थान के हितों को रख पाये? जवाब होगा नहीं। तो सवाल उठता है कि क्यों अपने वरिष्ठ नेताओं को पदों पर बैठाये रखने के लिए राजनीतिक दल संसदीय सीटों को आरक्षित रख लेते हैं? क्या पार्टी में और योग्य नेताओं का अकाल पड़ गया है? 140 करोड़ देशवासियों में से क्या कोई भी योग्य व्यक्ति राजनीतिक दलों को नहीं मिलता है?



बात चूंकि कांग्रेस की हो रही है तो यह भी जानना जरूरी है कि सोनिया गांधी ने एक रिकॉर्ड बनाया है। वह रिकॉर्ड यह है कि वह कांग्रेस के गठन के बाद से उसकी एकमात्र ऐसी अध्यक्ष रही हैं जिन्होंने सबसे लंबे समय तक पार्टी का नेतृत्व किया। वैसे उनका यह नेतृत्व परिवारवाद के विस्तार का रहा। सोनिया गांधी के अध्यक्ष रहते ही उनके बेटे राहुल गांधी पार्टी में आगे बढ़े और बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा की भी पार्टी के मामलों में सक्रिय भूमिका बढ़ी। इसके अलावा, कांग्रेस अध्यक्ष पद से दूर होने के बावजूद गांधी परिवार पार्टी के मामलों में प्रभावी भूमिका में बना हुआ है। देखा जाये तो इसमें कोई दो राय नहीं कि 2004 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का आधार रख कर सोनिया गांधी ने केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और दस साल तक उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में बनी रही। सोनिया गांधी प्रधानमंत्री तो नहीं बन पाईं लेकिन मनमोहन सरकार के दौरान सोनिया के नेतृत्व वाली समिति ही सुपर प्रधानमंत्री समझी जाती थी। देखा जाये तो इतना सब हासिल करने के बाद जरूरी नहीं था कि सोनिया गांधी संसद की सदस्य बनी रहें लेकिन पद का मोह छोड़ पाना आसान नहीं है।

वैसे कांग्रेस की ओर से भले यह कहा जा रहा हो कि सोनिया गांधी स्वास्थ्य कारणों से राज्यसभा गई हैं मगर यह भी एक राजनीतिक हकीकत है कि सोनिया गांधी का इस बार रायबरेली से लोकसभा चुनाव जीत पाना आसान नहीं होता। पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी से उनके बेटे राहुल गांधी हार गये थे और खुद सोनिया गांधी का जीत का अंतर पहले से बहुत कम हो गया था। पांच साल में वह रायबरेली बमुश्किल ही गई होंगी। अब तो उनकी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा भी रायबरेली का हाल-चाल लेने नहीं जातीं। कोविड के समय में भी सोनिया ने अपने संसदीय क्षेत्र से मुंह फेरे रखा। उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनावों और पंचायत चुनावों में जिस तरह अमेठी और रायबरेली समेत पूरे प्रदेश से कांग्रेस का लगभग सूपड़ा ही साफ हो गया उससे सोनिया गांधी के लिए अपने राजनीतिक जीवन के इस दौर में हार का मुंह देखना आसान नहीं होता। इसलिए भी सोनिया गांधी ने इस बार उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ने का साहस नहीं दिखाया।

हम आपको बता दें कि सोनिया गांधी 1999 से लगातार लोकसभा सदस्य हैं और वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। वह अमेठी से भी लोकसभा सदस्य रह चुकी हैं। वह कर्नाटक के बेल्लारी से भी चुनाव जीत चुकी हैं। उस सीट पर उन्होंने भाजपा नेत्री सुषमा स्वराज को हराया था। हालांकि बाद में उन्होंने उस सीट को छोड़ दिया था। बहरहाल, यह पहली बार होगा कि वह संसद के उच्च सदन में जाएंगी। वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद राज्यसभा में प्रवेश करने वाली गांधी परिवार की दूसरी सदस्य होंगी। इंदिरा गांधी अगस्त, 1964 से फरवरी 1967 तक उच्च सदन की सदस्य थीं।

# कोटा में छात्रों की आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही हैं

**रमेश सर्राफ धमोरा**

कोटा में एक बार फिर कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड का मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ के रहने वाले स्टूडेंट शुभकुमार चौधरी (16) ने सोमवार रात फंदे पर लटककर जान दे दी। डीएसपी भवानी सिंह ने बताया कि स्टूडेंट 12वीं में पढ़ाई करता था। सोमवार रात जेईई की रिजल्ट आया था। सुबह उसने पैरेंट्स का फोन नहीं उठाया तब वार्डन को कॉल किया। वार्डन ने गेट को धक्का देकर खोला तो स्टूडेंट पंखे पर लटका हुआ था। इस साल कोटा में सुसाइड का यह चौथा मामला है। इसके अलावा 2 फरवरी को गोंडा के नूर मोहम्मद (27) ने, 31 जनवरी को कोटा के बोरखेड़ा की निहारिका (18) ने, 24 जनवरी को मुरादाबाद के मोहमद जैद (19) ने आत्महत्या की थी।

राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।

कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही हैं। वर्ष 2012 से अब तक यहां 148 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही हैं। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।

कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानों में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहते हैं, जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं।

कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलनो के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से ऊपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को सालाना 500-700 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है।

कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे-मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं। कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित सरकार हरकत में आई है। कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला गया है। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए गये हैं जिन पर यदि कोई लटकने की कोशिश करेगा तो उस पर लगी डिवाइस में लगा सायरन बजने लगेगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी। कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक सुनवाई के दौरान कहा था कि कोटा में बच्चों की सुसाइड के लिए उनके माता-पिता जिम्मेदार हैं, क्योंकि परिजन अपने बच्चों से उनकी क्षमता से ज्यादा आस लगा लेते हैं। ऐसे में बच्चे डिप्रेशन में आते हैं और खुदकुशी जैसे कदम उठाने को मजबूर हो जाते हैं। केंद्र सरकार ने कोचिंग संस्थानों के लिए दिशानिदेर्शों की घोषणा की है। जिनमें कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों का नामांकन नहीं कर सकते। इसके अलावा न ही वे अच्छी रैंक या अच्छे अंकों की गारंटी दे सकते हैं और न ही गुमराह करने वाले वायदे कर सकते हैं। छात्रों के आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं, कोचिंग सेंटरों में सुविधाओं का अभाव और उनके पढ़ाने के तौर-तरीकों के बारे में शिकायतें मिलने के बाद सरकार ने इनकी घोषणा की है। दिशानिदेर्शों के अनुसार कोई भी कोचिंग सेंटर स्नातक से कम शिक्षा वाले ट्यूटर को नियुक्त नहीं करेगा। छात्रों का नामांकन सिर्फ सेकेंडरी स्कूल परीक्षा देने के बाद हो सकेगा। इनमें छात्रों को स्ट्रेस फ्री रखने और फीस रिफंड प्रोसेस को आसान बनाने समेत कई दिशा निर्देश शामिल हैं।

# अयोध्या से अबू धाबी तक... पीएम मोदी ने दुनिया को सनातन संस्कृति की विशिष्टि और शक्ति से परिचित करा दिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले महीने अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की थी और अब उन्होंने अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया है। अयोध्या में उन्होंने जहां 500 साल पुराना हिंदुओं का सपना सच किया वहीं एक मुस्लिम देश यूएई में भी असंभव को संभव करके दिखा दिया। हम आपको बता दें कि अबू धाबी में जो पहला हिंदू मंदिर बना है उसके लिए पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही की थी। मंदिर के लिए जमीन संयुक्त अरब अमीरात ने दान में दी। मंदिर का निर्माण कार्य 2019 में शुरू हुआ और अब इसके द्वार श्रद्धालुओं के लिए खुल चुके हैं। अयोध्या से अबू धाबी तक के इस सफर में मोदी ने पूरी दुनिया को सनातन संस्कृति से तो अवगत कराया ही है साथ ही सनातन की शक्ति का प्रदर्शन भी किया है। बात चाहे अयोध्या की हो या अबू धाबी की, दोनों ही जगह जिस तादाद में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी वह दर्शा रही है कि सिर्फ पुरानी ही नहीं बल्कि आज की पीढ़ी भी अपने धर्म और संस्कृति पर गर्व करती है और उसके साथ जुड़ना चाहती है। अयोध्या के भव्य, नव्य और दिव्य राम मंदिर के बारे में तो आप सब जान ही चुके हैं इसलिए आज हम आपको बताते हैं कि अबू धाबी में जिस पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया गया है वह कैसा दिखता है। हम आपको बता दें कि इस मंदिर को वैज्ञानिक तकनीकों और प्राचीन वास्तुकला विधियों का उपयोग करके बनाया गया है। दुबई-अबू धाबी शेख जायेद हाइवे पर अल रहबा के समीप स्थित बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा निर्मित यह हिंदू मंदिर करीब 27 एकड़ जमीन पर बनाया गया है। इस मंदिर में तापमान मापने और भूकंपीय गतिविधि पर नजर रखने के लिए उच्च तकनीक वाले 300 से अधिक सेंसर लगाए गए हैं। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है और नींव को भरने के लिए उड़न राख यानी फ्लाई ऐश (कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से निकलने वाली राख) का उपयोग किया गया है। इस मंदिर को करीब 700 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

हम आपको बता दें कि इस भव्य मंदिर को शिल्प और स्थापत्य शास्त्रों में वर्णित निर्माण की प्राचीन शैली के अनुसार बनाया गया है। शिल्प और स्थापत्य शास्त्र ऐसे हिंदू ग्रंथ हैं, जो मंदिर के डिजाइन और निर्माण की कला का वर्णन करते हैं। मंदिर में वास्तुशिल्प पद्धतियों के साथ वैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। तापमान, दबाव और गति (भूकंपीय गतिविधि) को मापने के लिए मंदिर के हर स्तर पर उच्च तकनीक वाले 300 से अधिक सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर अनुसंधान के लिए लाइव डेटा प्रदान करेंगे। यदि क्षेत्र में कोई भूकंप आता है, तो मंदिर इसका पता लगा लेगा।



हम आपको बता दें कि इसके अलावा मंदिर में गर्मी प्रतिरोधी नैनो टाइल और भारी ग्लास पैनल का उपयोग किया है जो पारंपरिक सौंदर्यात्मक पत्थर संरचनाओं और आधुनिक कार्यक्षमता का मेल है। संयुक्त अरब अमीरात में अत्यधिक तापमान के बावजूद श्रद्धालुओं को गर्मी में भी इन टाइल पर चलने में दिक्कत नहीं होगी। मंदिर में अलौह सामग्री का भी प्रयोग किया गया है। साथ ही मंदिर के दोनों ओर गंगा और यमुना का पवित्र जल बह रहा है जिसे बड़े-बड़े कंटेनर में भारत से लाया गया है। जिस ओर गंगा का जल बहता है वहां पर एक घाट के आकार का एम्फीथिएटर बनाया गया है।

हम आपको बता दें कि मंदिर के अग्रभाग पर बलुआ पत्थर पर उत्कीर्ण संगमरमर की नक्काशी है, जिसे राजस्थान और गुजरात के कुशल कारीगरों द्वारा 25,000 से अधिक पत्थर के टुकड़ों से तैयार किया गया है। मंदिर के लिए उत्तरी राजस्थान से अच्छी-खासी संख्या में गुलाबी बलुआ पत्थर अबू धाबी लाया गया है। साथ ही मंदिर के निर्माण के लिए 700 से अधिक कंटेनर में दो लाख घन फुट से अधिक पवित्र पत्थर लाया गया है। इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सात अमीरातों का प्रतिनिधित्व करने वाले सात शिखर, ऊंटों की नक्काशी और राष्ट्रीय पक्षी बाज अबू धाबी में पत्थरों से बने पहले हिंदू मंदिर में मेजबान देश की झलक भी पेश करता है। हम आपको बता दें कि सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरूपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर संयुक्त अरब अमीरात के सात अमीरात का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। सात शिखर सात महत्वपूर्ण देवताओं को समर्पित हैं। ये शिखर संस्कृतियों और धर्मों के परस्पर संबंध को रेखांकित करते हैं। आम तौर पर, मंदिरों में या तो एक शिखर होता है या तीन या पांच शिखर होते हैं, लेकिन यहां सात शिखर सात अमीरात की एकता के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। हम आपको बता दें कि इन शिखरों का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कुल 108 फुट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। उल्लेखनीय है कि मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए भारतीय पौराणिक कथाओं में हाथी, ऊंट और शेर जैसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले जानवरों के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी मंदिर के डिजाइन में शामिल किया गया है। दृढ़ता, प्रतिबद्धता और धीरज के प्रतीक ऊंट को संयुक्त अरब अमीरात के परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए मंदिर की नक्काशी में उकेरा गया है। मंदिर में रामायण और महाभारत सहित भारत की 15 कहानियों के अलावा माया, एजटेक, मिस्त्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दशार्या गया है। मंदिर में शांति का गुंबद और सौहार्द का गुंबद भी बनाया गया है। हम आपको बता दें कि संयुक्त अरब अमीरात में तीन और हिंदू मंदिर हैं जो दुबई में स्थित हैं। लेकिन अद्भुत वास्तुशिल्प और नक्काशी के साथ एक बड़े इलाके में फैला बीएपीएस मंदिर खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा मंदिर होगा। मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा बुधवार सुबह शुरू हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने शाम को भव्य मंदिर के उद्घाटन समारोह का नेतृत्व किया जो 10 फरवरी को मंदिर में शुरू हुए सद्भावना महोत्सव के समापन का प्रतीक है।

# जन्म एवं मृत्यु के 1 सप्ताह के अंदर पोर्टल पर हो पंजीकरण : मुख्य चिकित्सा अधिकारी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद के समस्त चिकित्सा संस्थानों में शत प्रतिशत जन्म मृत्यु पंजीकरण सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देश दीपक पाल ने कड़े निर्देश जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर सभी जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अन्यथा की हालत में संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के साथ विभागीय कार्रवाई के साथ ही वेतन बाधित करने की कार्रवाई की जाएगी। इस पर विशेष निगाह रखने के लिए सीएमओ ने पूर्व में कार्य देख रहे कर्मी को हटाते हुए राघवेंद्र शेखर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने बताया कि मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र का एक पत्र जनपद में होने वाले जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन के संबंध में प्राप्त हुआ है। जिसमें बताया गया है कि राज्य में 83% से अधिक प्रसव संस्थागत होते हैं। परंतु समस्त जन्म की जानकारी पंजीकृत नहीं हो रही है। जबकि नियमावली के अनुसार समस्त जन्म मृत्यु की घटनाओं का साथ प्रतिशत पंजीकरण करना अनिवार्य है इसके लिए भारत सरकार के द्वारा साल 2024 तक निर्धारित सत प्रतिशत पंजीकरण के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कई बिंदुओं पर अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त सरकारी अस्पताल सीएचसी पीएचसी पर जन्म लेने वाले बच्चों एवं प्रसूता के डिस्चार्ज होने से पूर्व प्रत्येक दशा में नवजात का जन्म पंजीकरण सीआरएस पोर्टल पर करना अनिवार्य होगा। यदि जन्म की सूचना पोर्टल पर प्राप्त नहीं हुई तो उसे दशा में ऑफलाइन माध्यम से सूचना को इकट्ठा का पोर्टल से प्रमाणित पत्र निर्गत किया जाए।

## बैजनाथ इण्टर कालेज के छात्रों ने कैंडिल जलाकर मनाया ब्लैक डे




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बुधवार की देर शाम बैजनाथ इंटर कॉलेज रौजा के छात्र-छात्राओं ने सैनिक चौराहा प्रकाश नगर पर कैंडल जलाकर पुलवामा अटैक में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर ब्लैक डे मनाया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या डा0 पूजा श्रीवास्तव ने बताया 14 फरवरी 2019 का काला दिन कभी भुलाया नही जा सकता है जब जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गयी थी। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा ज़िले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ। इस अवसर पर अनुज मिश्रा, सारंग राय, शिवांशु शुक्ला, मनीष, संदीप, आदि सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## चंदनी पब्लिक स्कूल में आयोजित बाल मेले में बच्चों ने हस्तकला का मनवाया लोहा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भांवरकोल क्षेत्र के चंदनी पब्लिक स्कूल सुरतापुर में बाल मेला संगम का आयोजन किया गया। मेले की शुरूआत प्रबंधक दयाशंकर राय ने फीता काटकर किया गया।मेले में बच्चों ने हस्तकला, पाककला का शानदार प्रदर्शन दिखाया। बालमेले में बच्चों ने कस्टर्ड, चाय, झालमूढ़ी, आलूकाटा, मोमोज, पानीपुरी, चाउमीन सहित विभिन्न प्रकार के नाश्ते की दुकाने बच्चों ने लगाया था। इसके अलावा बच्चों ने बालगेम, क्वाइन, डिसलोकेट गेम, इलेक्ट्रॉनिक पहेली गेम आदि का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर निदेशक नवीन राय ने बताया कि इस प्रकार कर आयोजन से बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान का विकास होता है, बच्चों में नेतृत्व क्षमता का सर्वांगीण विकास होता है, इसके अलावा बच्चों में पढ़ाई के अलावा व्यावसायिक क्षमता आदि का विकास होता है।इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक दयाशंकर राय जन्मदिवस के अवसर पर केक काटा गया। इस अवसर पर विजयशंकर राय, माधव सरकार, दिवाकर राय, आशुतोष राय, दीपमाला, सईदा हसन, नाजिया नाज, गुलशन अब्बास, पंचम राय, यूसुफ, झुल्लन, अरविंद राय ज्योति तिवारी आदि मौजूद रही। आगंतुकों का स्वागत प्रधानाचार्य प्रवीण पीयूष राय ने किया।

## वाराणसी जोन की 11वीं अंतर्जनपदीय तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू, डीआईजी व एसपी ने किया उद्घाटन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को पुलिस लाइन गाजीपुर के ग्राउंड में वाराणसी जोन की 11वी अंतर्जनपदीय तीरंदाजी प्रतियोगिता महिला तथा पुरुष 2024 का उद्घाटन पुलिस उप महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी एवं पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व अधिकारी द्वय द्वारा खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें इसकी शपथ भी दिलाई गई। इस प्रतियोगिता में कुल 06 जनपदों से आई हुई टीमों ने भाग लिया। जिसमें गाजीपुर, मिजार्पुर, सोनभद्र, भदोही आजमगढ़, व बलिया जनपद की टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद, क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहीं महिलाएं - रविंद्र जायसवाल

वाराणसी। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त समृद्धिशाली व आत्मनिर्भर बनाया है ,सरकार की योजनाओं से महिलाओं के सपने को पंख मिल रहे हैं` मोदी सरकार की मुद्रा लोन, जनधन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, 33% आरक्षण, मातृ वंदन, जीवन ज्योति बीमा,तीन तलाक, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी सहित तमाम योजनाओं ने महिलाओं को मजबूत व आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है` उक्त बातें प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने उत्तरी विधानसभा में आयोजित शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने एनजीओ व स्वयं सहायता समूह के बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पित है।


## पीजी कालेज में धूमधाम से पूजी गई विद्यादात्री व वीणावादिनी माता सरस्वती

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कालेज गाजीपुर में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शोध ग्रंथालय एवं संगीत विभाग में सरस्वती पूजन का आयोजन हर वर्ष की तरह किया गया। शोध ग्रंथालय में मां सरस्वती का विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया। शोध ग्रंथालय में शिक्षक, कर्मचारियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्चन कर सरस्वती वंदना का गायन किया। इसके साथ ही संगीत विभाग में अध्ययनरत संगीत के छात्र-छात्राओं ने वीणा वादनी के प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना कर विधि विधान पूजन किया। संगीत की देवी सरस्वती की स्तुति गान में छात्र-छात्राओं ने सीतार वादन, तबला वादन, हारमोनियम आदि वाद्ययंत्रों के जरिए राग सेवा अर्पित किया। शोध ग्रंथालय के कार्यक्रम में



प्रोफेसर सत्येंद्र नाथ सिंह, डा. समरेंद्र नारायण मिश्र,, डा. रामदुलारे, अनिल कुमार पांडेय, अरुण कुमार सिंह, दिनेश सिंह, ममता मिश्रा, प्रशांत सिंह, प्रेमप्रकाश तिवारी, सुनील कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, गुड्डू आदि मौजूद रहे। पुस्तकालय प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद सभी शिक्षक, कर्मचारियों को तिलक लगाते हुए प्रसाद वितरित किया। वहीं संगीत विभाग के सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डा. मीना सिंह की देखरेख में आयोजित हुआ। संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं के अलावा आशीष सिंह, सिकंदर कुशवाहा कृष्णमुरारी, शिवम, शक्ति आदि मौजूद रहे।

## एक भी दिन दवा छूटने से गंभीर रूप ले सकती है टीबी : डीटीओ




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। ऐसा देखा जाता है कि टीबी (क्षय रोग) की बीमारी किसी व्यक्ति को हो जाने पर उसे अन्य बीमारियाँ - डायबिटीज, एचआईवी/एड्स, कैंसर आदि भी घेरने लगती हैं। टीबी के साथ झ साथ इन्हीं बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयारी कर रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित डिफरेंशिएटेड टीबी केयर विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ देश दीपक पाल के निर्देशन में हुए इस प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत वर्ष 2025 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनपद प्रतिबद्ध है। इस प्रशिक्षण में एनटीईपी के सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर (एसटीएस), सीनियर टीबी लैब सुपरवाइजर (एसटीएलएस) एवं आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) को टीबी रोगियों में होने वाली अन्य बीमारियों जैसे मधुमेह, मुंह का कैंसर, उच्च रक्तचाप, एचआईवी/एड्स आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि टीबी से ग्रसित मरीज यदि अपना सम्पूर्ण उपचार (छह माह या उससे अधिक का कोर्स) पूरा करता है, साथ ही प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार का सेवन करता है, धूम्रपान, तंबाकू, शराब आदि के सेवन से दूर रहता है, तो वह पूरी तरह ठीक हो जाता है, बशर्ते वह एक भी दवा खाना न छोड़े। एक भी दिन दवा छूटने से टीबी बीमारी गंभीर रूप से ले सकती है। यदि कोर्स पूरा न किया गया और खानपान में लापरवाही की गई तो टीबी के अलावा अन्य बीमारियाँ भी हो सकती हैं। इसके लिए टीबी मरीज और उसके परिजन को बहुत अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत सरकार की ओर से टीबी मरीज को उपचार के दौरान हर माह 500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

एनटीईपी के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ मिथलेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी सीएचओ अपने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीबी मरीज की अन्य बीमारियों की जांच करेंगे। ऐसे में कोई अन्य बीमारी टीबी मरीज में पायी जाती है तो इसकी जानकारी निक्षय आईडी पर फीड करेंगे, जिससे उन बीमारियों का भी सम्पूर्ण उपचार किया जा सके।

## भारतीय जनता पार्टी रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र का हुआ बैठक

वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र की बैठक रोहनियां कार्यालय वाराणसी में संपन्न हुआ` बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने करते हुए कहा कि आगामी 2024 के चुनाव को प्राथमिकता पूर्वक ध्यान में रखते हुए हमें बूथ स्तर से लेकर पन्ना प्रमुख तक स्ट्रीट वेंडरों संग एक बड़ी कार्यशाला आयोजित कर प्रत्येक स्ट्रीट वेंडरों को मिले वर्तमान सरकार से मिल रहे लाभों को हर स्ट्रीट वेंडरों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। प्रदेश संयोजक अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि जल्द ही काशी क्षेत्र में निवास कर रहे स्ट्रीट वेंडरों को मतदाता सूची से जोड़कर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना लाभार्थी संग संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाए और सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से छूटे हुए पटरी व्यवसायियों को जल्द जोड़कर लाभार्थी बनाने का कार्य करेगा संगठन ` रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र सह संयोजक दिनेश दीक्षित का मनोयन की घोषणा की गयी।

## भावरकोल पुलिस ने गोबध के वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भांवरकोल पुलिस ने गोबध अधिनियम के वांछित आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर उसे सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी भारत सिंह पुत्र सोपान सिंह ग्राम खिरजपुर उर्फ जग्गूबाला, थाना नगीना, जनपद बिजनौर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि आरोपी की काफी अर्से से तलाश की जा रही थी। किंतु वह फरार चल रहा था ।उन्होंने बताया कि थाने के एस आई मनोज कुमार मिश्रा एवं मच्छटी चौकी इंचार्ज ओमवीर सिंह अपने हमराहियों के साथ वांछित के गांव दविश देकर गत 12 फरवरी 2024 को उसके घर से गिरफ्तार किया । गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक मजिस्ट्रेट बिजनौर की अदालत में पेश कर ट्रांजिस्ट रिमांड प्राप्त कर पुलिस उसे थाने ले आई। आज उसे वांछित धाराओं में कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एस आई मनोज कुमार मिश्रा, एस आई ओमवीर सिंह कांस्टेबल मनोज यादव, शिवेंद्र पाल, देवेंद्र यादव आदि शामिल रहे।

# पीडिए पखवाड़े के तहत आयोजित सपा के जनपंचायत कार्यक्रम की हुई समीक्षा बैठक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज दिनांक 15 फरवरी को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर आयोजित हुई। इस बैठक में पीडिए पखवाड़े के तहत आयोजित जनपंचायत कार्यक्रम की समीक्षा करने के साथ-साथ जनसमस्याओं पर गंभीर चर्चा हुई। इस अवसर पर नवनामित प्रदेश सचिव रमेश यादव, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एम एच खान,पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव शिवप्रसन्न यादव, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव चन्द्रभान गुप्ता ,महिला सभा की प्रदेश सचिव डॉ सीमा यादव और प्रदेश कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य रामदरस यादव जी का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने पीडीए जनपंचायत की सफलता के लिए कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि पीडीए जनपंचायतों में उमड़ी भीड़ ने भाजपा की नींद उड़ा दी है। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान उजागर होई



संगठन की खामियों को भी जल्द से जल्द दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों,तानाशाही मंसूबों और साम्प्रदायिक सोच की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार बढ़ती मंहगाई ,बेरोजगारी , भ्रष्टाचार और ध्वस्त कानून व्यवस्था के चलते बढ़ते जनाक्रोश और गिरती साख से जनता का ध्यान हटाने के लिए धर्म की चादर के पीछे छिप रही हैं। उन्होंने कहा कि जितना वक्त यह सरकार विरोधी दलों के नेताओं को तंग करने और उनसे बदला लेने में लगा रही है उतना वक्त जनसमस्याओं को हल करने में लगाती तो देश और समाज का बहुत कुछ भला हो जाता। विधायक डॉ विरेन्द्र यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश की दशा और दिशा अत्यंत दयनीय है। चारों तरफ अराजकता का बोलबाला है। मजदूर, किसान ,नौजवान ,व्यापारी, महिला ,शिक्षक छात्र सभी पीड़ित हैं। मंदिर -मस्जिद के नाम पर देश को बांटने की साज़िश हो रही हैं। जनता के बुनियादी मुद्दों के स्थान पर झूठे एवं मनगढ़ंत मुद्दों के जाल में देशवासियों को फंसाया जा रहा है। यह सरकार पूरी तरह से जनविरोधी साबित हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास झूठ की पोटली के सिवाय कुछ भी नहीं है।

उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता का अहं हो गया है । उनके दंभपूर्ण आचरण और बोल की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव में देश की जनता उनके दंभ को तोड़ने का काम करेगी। उन्होंने सपा को सर्व समाज की पार्टी बताते हुए कहा कि राज्यसभा के चुनाव में जया बच्चन, आलोक रंजन और रामजी लाल सुमन को प्रत्याशी बनाने का फैसला सपा को यादवों और मुसलमानों की पार्टी बताकर दुष्प्रचार करने वाली भाजपा के मुंह पर करारा तमाचा है। विधायक जै किशन साहू ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बन चुकी है। इस सरकार का रवैया तानाशाही पूर्ण है।यह सरकार जनता के हित को दरकिनार कर मनमाने फैसले ले रही हैं। इस सरकार का सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा हो गया है। प्रेस भी भाजपा के पूंजीपति मित्रों के नियंत्रण में है। मीडिया अपनी जिम्मेदारी मानते हुए सरकार से सवाल नहीं कर रही है बल्कि उसके कसीदे पढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि इस सरकार को बेदखल नहीं किया गया तो न लोकतंत्र बचेगा न संविधान। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, , डॉ नन्हकू यादव, रामऔतार शर्मा, खेदन यादव, आजाद राय,रामजन्म चौहान, मदन यादव, राहुल यादव, अशोक कुमार बिंद,राधेश्याम यादव, रविन्द्र प्रताप यादव, रामवचन यादव,तहसीन अहमद, राजेंद्र यादव,हरेन्द्र विश्वकर्मा, गोवर्धन यादव, जयहिंद यादव, उपेन्द्र यादव, सुभाष यादव,अवधेश यादव उर्फ राजू यादव, वृजदेव खरवार, मदन यादव,डॉ समीर सिंह, दिनेश यादव,भरत यादव, जमुना यादव, श्री राम यादव, रमेश यादव, शिवशंकर यादव, चन्द्रबली यादव, बलिराम यादव, आत्मा यादव, पप्पू कुशवाहा, अदनान खां उपस्थित थे। इस बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### वर्तमान सरकार तानाशाही पर उतर गई है, किसानों का दमन कर रही है : अमेरिका सिंह यादव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर । गुरुवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्लॉक कमेटी देवकली की बैठक नंदगंज स्थित हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। इसे सम्बोधित करते हुए पार्टी राज्यकार्यकारिणी सदस्य अमेरिका सिंह यादव ने कहा की वर्तमान सरकार एकदम तानाशाही पर उतर गई है। किसानो का दमन कर रही है ।जायज आंदोलनो को कुचलने के लिए अंग्रेजो को भी मात दे रही है। संविधान, लोकतंत्र, देश, जनता खतरे में है ।सिद्धांतविहीन, नैतिकताविहीन राजनीति करने वालों को इसकी कोई परवाह नहीं है। निजी स्वार्थो एवं अपनी महत्वाकांक्षा के वशिभूत होकर देश को रसातल में ले जाने पर तुले है। जनता को संगठित करते हुए जनता के प्रति संपर्पित कम्युनिस्ट पार्टियों एवं अन्य सैद्धांतिक दलो को मिलकर वर्तमान सरकार को बदलना होगा। बैठक में ब्लॉक मंत्री बच्चेलाल ने रिपोर्ट प्रस्तुत किया ।विचार विमश के बाद 16 को भारत बंद को सफल बनाने, संगठनिक कार्यों को पुरा करने, का निर्णय लिया गया। अंत में कामरेड श्यामा प्रसाद राजभर, किशोहरी के हीरालाल, केशव बिंद के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में रामराज बिंद, रामशुक्ला, मोहन प्रसाद, लौटू बिंद, कल्पनाथ प्रजापति, वहिद अंसारी, सुग्रीव आदि उपस्थित रहे ।अध्यक्षता हरिद्वार बिंद ने किया।

### भाजपा के नवनियुक्त पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल राजभर का हुआ सम्मान



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव जयंती सप्ताह अंतर्गत बिरनो ब्लाक के चौबेपुर तरछा ग्राम मे आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनिल राजभर का राजभर समाज के लोगों ने आज माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अवधेश राजभर ने कहा कि राजभर समाज के सम्मान और स्वाभिमान के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अतुलनीय काम किया है, जिसके लिए यह समाज सदैव ऋणी रहेगा। प्रदीप राजभर ने कहा कि अनिल राजभर को पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष बना कर भाजपा ने समाज को सम्मानित करने का काम किया है जिससे भारतीय जनता पार्टी का जनाधार मजबूत होगा। सम्मान से अविभूत अनिल राजभर ने कहा कि प्राप्त जिम्मेदारी का निष्ठा के साथ पालन करते हुए 2024 में भाजपा का परचम लहराया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान चंद्रभान राजभर, विनय राजभर, मनोज भवाल,लक्ष्मण वर्मा, प्रमोद राजभर, राजकुमार राजभर, आयोजक डाङ्क विनय राजभर आदि लोगों ने माल्यार्पण कर बधाई दी।

### विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल और कार में मारी टक्कर, कार चालक की मौके पर ही मौत



प्रखर ब्यूरो बिरनो/गाजीपुर। विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल और कार में मारी टक्कर कार चालक की मौके पर ही मौत , घटना में पांच लोग घायल एक महिला की हालत गंभीर, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए। ट्रक ड्राइवर समेत ट्रक को लिया कब्जे में। मिली जानकारी के अनुसार बिरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पारा प्राइमरी पाठशाला के समीप दुल्लहपुर के तरफ से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने मोटरसाइकिल और कार में मारी टक्कर मौके पर कार चालक कर्मवीर सिंह उर्फ राहुल उम्र 35 वर्ष निवासी घरचित जिला चंदौली की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नजदीकी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं इस हादसे में कार में सवार तीन लोग बाल बाल बचे। ट्रक के धक्के से मोटर साइकिल सवार रामप्रताप 50 वर्ष और उनकी पत्नी सीमा देवी किसी काम से गाजीपुर से अपने घर अकबरपुर जनपद मऊ को जा रहे थे। इस दुर्घटना में महिला की हालत गंभीर है जिसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कार सवार युवक प्राइवेट कंपनी सिल्का के कर्मचारी हैं। इस मौके पर बिरनो थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि अभी सभी लोगों की हालत को जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतक के परिजनो के तरफ से अभी कोई तहरीर प्राप्त नही हुआ है। वही बिरनो पुलिस ने बताया की ट्रक समेत ड्राईवर को कब्जे में ले लिया गया है। आगे तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

### विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल और कार में मारी टक्कर, कार चालक की मौके पर ही मौत

प्रखर ब्यूरो बिरनो/गाजीपुर। विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल और कार में मारी टक्कर कार चालक की मौके पर ही मौत , घटना में पांच लोग घायल एक महिला की हालत गंभीर, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए। ट्रक ड्राइवर समेत ट्रक को लिया कब्जे में। मिली जानकारी के अनुसार बिरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पारा प्राइमरी पाठशाला के समीप दुल्लहपुर के तरफ से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने मोटरसाइकिल और कार में मारी टक्कर मौके पर कार चालक कर्मवीर सिंह उर्फ राहुल उम्र 35 वर्ष निवासी घरचित जिला चंदौली की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नजदीकी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं इस हादसे में कार में सवार तीन लोग बाल बाल बचे। ट्रक के धक्के से मोटर साइकिल सवार रामप्रताप 50 वर्ष और उनकी पत्नी सीमा देवी किसी काम से गाजीपुर से अपने घर अकबरपुर जनपद मऊ को जा रहे थे। इस दुर्घटना में महिला की हालत गंभीर है जिसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कार सवार युवक प्राइवेट कंपनी सिल्का के कर्मचारी हैं। इस मौके पर बिरनो थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि अभी सभी लोगों की हालत को जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतक के परिजनो के तरफ से अभी कोई तहरीर प्राप्त नही हुआ है। वही बिरनो पुलिस ने बताया की ट्रक समेत ड्राईवर को कब्जे में ले लिया गया है। आगे तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मलयेशिया : विमान दुर्घटना में दो की मौत

**कुआलालंपुर।** मलेशिया में विमान दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। सेलांगोर पुलिस प्रमुख हुसैन उमर खान ने बुधवार को बताया कि अधिकारियों ने मंगलवार को विमान दुर्घटना में मारे गए दो मलेशियाई व्यक्तियों के शव बरामद किए। उन्होंने बताया कि दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा, मृतकों के परिवार को उनकी पहचान के लिए टुंकू अम्पुआन रहीमा अस्पताल, क्लैंग की फोरेंसिक यूनिट में आने के लिए संपर्क किया गया है। मलेशिया के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएम) ने मंगलवार दोपहर को पुष्टि की कि एक छोटे विमान में एक पायलट सहित दो लोग सवार थे। विमान सेलांगोर राज्य के कपार शहर के पास एक तेल ताड़ के बागान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### मिस्र में कई वाहनों की टक्कर, 15 की मौत

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा के उत्तर में अमरेया शहर के पास काहिरा-अलेक्जेंड्रिया रेगिस्तानी मार्ग पर मंगलवार को कई वाहनों की टक्कर में पंद्रह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। राज्य संचालित मेना समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। मेना ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि सुरक्षा बल और एंबुलेंस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि यातायात अधिकारी यातायात को बहाल करने के लिए काम कर रहे है।

### चर्च की दूसरी मंजिल ढहने से 34 लोग घायल

**मनीला।** मनीला के उत्तर में बुलाकान प्रांत में रोमन कैथोलिक चर्च की दूसरी मंजिल बुधवार को ढह गई। हादसे में 34 लोग घायल हो गए। एक आपदा-प्रतिक्रिया अधिकारी ने यह जानकारी दी है। सैन जोस डेल मोंटे सिटी आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रबंधन कार्यालय की प्रमुख जीना आयसन ने कहा कि दुर्घटना सुबह तब हुई, जब लोग प्रार्थना करने के लिये कैथोलिक ऐश चर्च में एकत्र हुए थे।

# तिरंगे के रंगों से जगमगाया बुर्ज खलीफा

■ दुबई (भाषा)।

दुबई का प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा उस समय भारतीय तिरंगे के रंगों से जगमगा उठा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति ने यहां इस वर्ष के विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में एक द्विपक्षीय बैठक की। इस सम्मेलन में भारत सम्मानित अतिथि के रूप में सम्मिलित हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ विभिन्न विषयों पर संवाद किया और दोनों देशों ने ऊर्जा, बुनियादी संरचनाओं और निवेश जैसे मुख्य क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किये। प्रधानमंत्री मोदी के 2024 विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में मुख्य संबोधन से पहले मंगलवार को बुर्ज खलीफा 'सम्मानित अतिथि भारत' के शब्दों से जगमगा उठा था।



### यूएई की मीडिया में भी छाए 'मोदी'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पीएम नरेंद्र मोदी दो दिनों के दौरे पर यूएई पहुंचे हैं। यहां उनका स्वागत भव्य तरीके से हुआ। उन्होंने यहां प्रवासी भारतीयों के साथ भी 'अहलान मोदी' कार्यक्रम के जरिए संवाद किया। इसके साथ ही पीएम मोदी के इस दौरे में यूएई के साथ कई समझौते भी हुए। ऐसे में भारतीय मीडिया में जहां पीएम मोदी का यह यूएई दौरा सुर्खियों में था, वहीं दुबई के मीडिया के लिए भी यह फ्रंट पेज की स्टोरी बनी रही। पीएम मोदी का यह सातवां यूएई दौरा है। साल 2014 में पहली बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद 2015 में वह यूएई के दौरे पर आए थे। पीएम मोदी इस बार जब अबूधाबी पहुंचे तो उनके स्वागत के लिए राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाह्यान खुद आए थे। इसके बाद प्रवासी भारतीयों के कार्यक्रम 'अहलान मोदी' में यूएई के राष्ट्रपति को पीएम मोदी ने कई बार 'भाई' कहकर संबोधित किया।


प्रधानमंत्री मोदी का 'गर्मजोशी' से स्वागत करते हुए दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने मंगलवार को 'एक्स' पर बुर्ज खलीफा की दो तस्वीरें साझा की थी, जिसमें से एक में इमारत भारतीय तिरंगे के रंगों और दूसरे में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन के लोगो से जगमगाती हुई दिखाई दे रही है।

पोस्ट में लिखा था, हम इस वर्ष के विश्व सरकार शिखर सम्मेलन के सम्मानित अतिथि, भारत और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक स्वागत करते हैं।

# हमारे जहाजों पर हमला हुआ तो देंगे मुंहतोड़ जवाब : ईरान

■ तेहरान (आईएएनएस)।

ईरान के शीर्ष सैन्य कमांडर ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर दुश्मन हमारे जहाजों को निशाना बनाएंगे, तो ईरानी सेना उन्हें मुंहतोड़ जवाब जरूर देगी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स के मुख्य कमांडर होसैन सलामी ने ईरान की राजधानी तेहरान में आईआरजीसी के सेवानिवृत्त और मौजूदा कमांडरों और अधिकारियों के साथ एक बैठक में देश के सशस्त्र बलों की नौसैनिक क्षमताओं पर टिप्पणी करते हुए यह बात कही।



सलामी ने कहा, यदि वे हमारे जहाजों पर हमला करते हैं, तो हम निश्चित रूप से उनके जहाजों पर भी हमला करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा, आईआरजीसी के पास इतनी बड़ी ताकत है कि वह निश्चित रूप से सैन्य युद्ध और साइबर युद्ध सहित सभी क्षेत्रों में दुश्मनों को हरा देगा। सलामी ने कहा, आईआरजीसी ने अपने एक क्रूजर से लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक दागा था। उन्होंने कहा, बैलिस्टिक मिसाइल को आईआरजीसी के एयरोस्पेस डिवीजन और नौसेना के बीच संयुक्त सहयोग के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था। यह देखते हुए कि नई उपलब्धि ने ईरान के नौसैनिक प्रभाव और शक्ति की सीमा को किसी भी वांछित बिंदु तक बढ़ा दिया है। फार्स ने मंगलवार को बताया कि आईआरजीसी पहली बार, घरेलू स्तर पर विकसित शहीद महदवी समुद्री क्रूजर को 1,700 किमी की न्यूनतम सीमा के साथ घरेलू स्तर पर विकसित फतेह-श्रेणी की बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस करने में कामयाब रही है।

# इंडोनेशिया में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान

■ जकार्ता (एपी)।

विश्व के तीसरे सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश इंडोनेशिया में मतदाताओं ने नया राष्ट्रपति चुनने के लिए बुधवार को मतदान किया। पूरे द्वीपसमूह पर बिना किसी बड़ी समस्या के मतदान संपन्न हो गया। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रमाणित त्वरित-गणना केंद्रों से दिन में ही प्रारंभिक और अनौपचारिक परिणामों की उम्मीद की जा रही है। वहीं आधिकारिक और अंतिम नतीजे करीब एक महीने में आएंगे।

■ एक महीने में आएंगे आधिकारिक और अंतिम नतीजे

चुनाव से पहले के सर्वेक्षणों में रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबिआंतो को राष्ट्रपति पद का प्रबल दावेदार बताया जा रहा है और वही एकमात्र उम्मीदवार है, जिनके सुहार्तो के शासनकाल से ताल्लुक हैं। प्रबोवो उस दौरान विशेष बलों के कमांडर रहे थे और उन पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप है, जिसे उन्होंने सिरे से नकार दिया। दो पूर्व प्रांतीय गवर्नर अनीस बासवीडान और गंजार प्रानोवो भी लोकप्रिय राष्ट्रपति जोको विडोडो के उत्तराधिकारी की दौड़ में शामिल है। विडोडो अपना दूसरा और अंतिम कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। नदी के किनारे बनी झुग्गी बस्ती से निकलकर देश के राष्ट्रपति पद तक पहुंचे विडोडो के कार्यकाल ने सत्तावादी शासन वाले क्षेत्र में उनके दक्षिण पूर्व एशियाई देश के लोकतंत्र की जीवंतता को प्रदर्शित किया है।

### रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबिआंतो को बढ़त

**जकार्ता (एपी)।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति पद की दौड़ में बुधवार को शुरुआती और अनौपचारिक गणना में रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबिआंतो को भारी बढ़त मिलती दिखाई दे रही है। प्रतीत हो रहा है कि पूर्व जनरल आसानी से देश के सर्वोच्च पद पर जीत हासिल कर लेंगे। सुबिआंतो (72) ने खुद को प्रसिद्ध व मौजूदा राष्ट्रपति जोको विडोडो के उत्तराधिकारी के रूप में प्रस्तुत किया था। मतदान पूरे द्वीपसमूह पर बिना किसी बड़ी समस्या के बुधवार दोपहर तक संपन्न हो गया। चुनाव से पहले के सर्वेक्षणों में रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबिआंतो को राष्ट्रपति पद का प्रबल दावेदार बताया जा रहा है और वही एकमात्र उम्मीदवार हैं, जिनके सुहार्तो के शासनकाल से संबंध हैं।

# भ्रष्टाचार मुक्त सरकारों की जरूरत

■ दुबई (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' के अपने मंत्र पर जोर देते हुए बुधवार को कहा कि दुनिया में आज ऐसी सरकारों की जरूरत है जो समावेशी हों और भ्रष्टाचार से मुक्त हों। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज लोगों को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो जीवन की सुगमता, न्याय की सुगमता, आने-जाने की सुगमता, नवाचार की सुगमता और व्यापार करने की सुगमता प्रदान करें।



■ पीएम ने 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' के मंत्र पर दिया जोर

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी यात्रा के दूसरे दिन यहां 'विश्व सरकार शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को लोगों के जीवन में कम से कम हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि लोगों को न तो सरकार की अनुपस्थिति महसूस होनी चाहिए, वहीं उन पर सरकार का दबाव भी नहीं होना चाहिए। सम्मेलन में दुनिया भर से 10 राष्ट्रपति और 10 प्रधानमंत्रियों ने भाग लिया। मोदी ने लोगों से आग्रह किया कि दुनिया की आपस में जुड़ी होने की प्रकृति को देखते हुए सरकारों को साझेदारी करनी चाहिए और भावी चुनौतियों से निपटने के लिए एक-दूसरे से सीखना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि समय की जरूरत है कि शासन 'समावेशी, प्रौद्योगिकी आधारित, स्वच्छ और पारदर्शी तथा हरित' होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दुनिया को आज ऐसी सरकारों की जरूरत है जो समावेशी हों, सभी को साथ लेकर चलें और भ्रष्टाचार से मुक्त तथा साफ-सुथरी हों। मोदी ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने सरकार में 23 साल बिताए हैं और उनका सिद्धांत 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' रहा है। 'विश्व सरकार शिखर सम्मेलन' का आयोजन 'भविष्य की सरकारों को आकार देना' विषय के तहत किया गया, जिसमें दुनिया भर के 120 से अधिक देशों की सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, विचारकों और निजी क्षेत्र के नेताओं के बीच संवाद शामिल है। सम्मेलन से पहले यूएई के प्रधानमंत्री और मेजबान शेख मोहम्मद बिन राशिद ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पिछले 11 वर्ष में यह सम्मेलन सर्वाधिक महत्वपूर्ण वैश्विक मंचों में से एक बन गया है जो भविष्य और उसकी संभावनाओं तथा अवसरों की तलाश में विशेषज्ञता रखता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ साल में भारत में 'जनता को भारतीय सरकार की मंशा और प्रतिबद्धता पर भरोसा रहा है। यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि हमने जन भावनाओं को प्राथमिकता दी।

मोदी ने कहा, भारत में पिछले कुछ समय में बड़े बदलाव देखने को मिले। भारत का स्वच्छता अभियान हो, डिजिटल साक्षरता अभियान हो या बालिका शिक्षा अभियान हो, ऐसे प्रत्येक बड़े लक्ष्य की सफलता केवल जन भागीदारी से सुनिश्चित हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने महिला नीत विकास, भारतीय महिलाओं की वित्तीय, सामाजिक और राजनीतिक दशा मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, सामाजिक और वित्तीय समावेश हमारी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में रहा है। हमने 50 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिग प्रणाली से जोड़ा है। ये वो लोग थे जिनके पास कोई बैंक खाता नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे सतत प्रयासों का परिणाम है कि भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में वैश्विक मंच पर चमक रहा है।

उन्होंने कहा, आतंकवाद अपने विभिन्न स्वरूपों में हर रोज मानवता के सामने नयी चुनौतियां ला रहा है। आज जलवायु परिवर्तन समय के साथ तेज हो रहा है। एक तरफ घरेलू चिंताएं है और दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अस्त-व्यस्त दिखती है।

### दुबई में रखी 'भारत मार्ट' की आधारशिला भारतीय एमएसएमई के लिए बनेगा मंच

**दुबई (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने बुधवार को 'भारत मार्ट' की आधारशिला रखी जो भारतीय एमएसएमई क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तक पहुंच का प्रभावी मंच मुहैया कराएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और मकतूम ने दुबई के जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में बनाए जाने वाले 'भारत मार्ट' के शिलान्यास से संबंधित कार्यक्रम में ऑनलाइन शिरकत की। इसका निर्माण डीपी वर्ल्ड करेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह मार्ट भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को खाड़ी, पश्चिम एशिया, अफ्रीका और यूरेशिया क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तक पहुंच बनाने का एक प्रभावी मंच प्रदान करेगा और उनके निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# इमरान की पार्टी का आरोप हमारा जनादेश चुरा लिया गया

■ इस्लामाबाद (भाषा)।

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने बुधवार को आरोप लगाया कि देश के प्रमुख राजनीतिक दलों ने पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनाने का फैसला करके रात के अंधेरे में उनका जनादेश चुरा लिया है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने मंगलवार रात को आकस्मिक फैसले में पार्टी अध्यक्ष नवाज शरीफ के बजाय उनके छोटे भाई शाहबाज (72) को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया। पीटीआई के केंद्रीय सूचना सचिव रऊफ हसन ने कहा कि इमरान के जनादेश को चुरा लिया गया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'पाकिस्तान को और अधिक अस्थिरता के रास्ते पर डाला जा रहा है।' पीएमएल-एन के नेतृत्व में बन रहे संभावित गठबंधन का जिक्र करते हुए हसन ने कहा, 'सरकार बनाने के लिए कुछ अपराधियों, जिन्हें जनता ने खारिज कर दिया है, को शामिल करने का फैसला देश के सामने मौजूद गंभीर चुनौतियों को झलकाता है।' खान की पार्टी के समर्थन वाले निर्दलीय उम्मीदवारों ने संसद में सर्वाधिक सीटें जीती है। 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली में उनके खाते में 92 सीटें आई है। सरकार बनाने के लिए 133 सीटें होना आवश्यक है।



■ रऊफ हसन ने कहा, इमरान के जनादेश को चुरा लिया गया है।

पाकिस्तान को और अधिक अस्थिरता के रास्ते पर डाला जा रहा है

# पाकिस्तान में शहबाज शरीफ बनेंगे अगले प्रधानमंत्री

■ इस्लामाबाद (भाषा)।

पाकिस्तान में शहबाज शरीफ की अगुवाई में प्रमुख राजनीतिक दलों के गठबंधन से अगली सरकार बनाने के लिए बहुमत के आंकड़े को पार करने की संभावना के साथ उनका देश का नया प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के आसिफ अली जरदारी, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के खालिद मकबूल सिद्दीकी ने मंगलवार रात को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कैद (पीएमएल-क्यू) के शुजात हुसैन के आवास पर मुलाकात की और सरकार गठन पर सहमति जताई।

शहबाज शरीफ ने बैठक में उपस्थित अन्य नेताओं का आभार जताते हुए कहा, 'आज हम देश को यह बताने के लिए एकजुट हुए हैं कि हमने खंडित जनादेश स्वीकार कर लिया है। मैं जरदारी और बिलावल भुट्टो का आभारी हूं कि उन्होंने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का समर्थन करने का फैसला किया है।'



■ पांच पार्टियां पीएमएल-एन के साथ गठबंधन के लिए तैयार

■ पीएमएल-एन, पीपीपी, एमक्यूएम-पी, पीएमएल-क्यू, आईपीपी और बलूचिस्तान आवामी पार्टी (बीएपी) सरकार में होंगी शामिल

पीएमएल-एन की सूचना सचिव मरियम औरंगजेब ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ ने देश के प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी अध्यक्ष और अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ (72) को नामांकित किया है। उन्होंने बताया कि पीएमएल-एन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज को पंजाब के मुख्यमंत्री पद के लिए नामांकित किया गया है। उन्होंने कहा, 'नवाज शरीफ ने उन राजनीतिक दलों का आभार जताया है जिन्होंने आगामी सरकार बनाने में पीएमएल-एन का समर्थन किया है और उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसे फैसलों से पाकिस्तान संकट से बाहर आ जाएगा। अप्रैल 2022 में इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से बेदखल करने के बाद प्रधानमंत्री बने शहबाज ने कहा कि अन्य दलों ने पीएमएल-एन से हाथ मिला लिया है जिसके पास चुनाव के बाद संसद में तकरीबन दो तिहाई बहुमत है। उन्होंने यह भी कहा कि नई सरकार देश को मुसीबत से बाहर निकाल लाएगी।

पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग के अनुसार, छह दलों पीएमएल-एन, पीपीपी, एमक्यूएम-पी, पीएमएल-क्यू, आईपीपी (इस्तेकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी) और बलूचिस्तान आवामी पार्टी (बीएपी) द्वारा जीती गई सीटों की संख्या 152 है। इन सभी ने शहबाज शरीफ के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनाने की अपनी योजना की घोषणा की है।

# जरदारी दोबारा बन सकते हैं राष्ट्रपति

■ इस्लामाबाद (वार्ता)।

पाकिस्तान (पीपीपी) और पीएमएल-एन के अन्य राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन सरकार बनाने पर सहमति जताने के साथ ही पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के दूसरी बार देश का राष्ट्रपति बनने की संभावना जोर पकड़ने लगी है। पाकिस्तान में छह दलों के गठबंधन, पीएमएल-एन, पीपीपी, एमक्यूएमपी, पीएमएल-क्यू, आईपीपी और बीएपी ने पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) की पिछली सरकार की तर्ज पर केंद्र में सरकार बनाने की घोषणा की है।



पीएमएल-क्यू के अध्यक्ष चौधरी शुजात हुसैन के आवास पर पार्टी प्रमुखों की बैठक के बाद जरदारी ने अगली सरकार के लिए छह दलों के गठबंधन की घोषणा करते हुए कहा कि सभी ने मिलकर सरकार बनाने का फैसला किया है। पीपीपी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने पहले कहा था कि उनकी पार्टी सरकार का हिस्सा बने बगैर प्रधानमंत्री चुनने में पीएमएल-एन का समर्थन करेगी। हालांकि भुट्टो ने नेशनल असेंबली के स्पीकर, सीनेट चेयरमैन और राष्ट्रपति के संवैधानिक पदों के संबंध में एक प्रश्न पर कहा कि पार्टी इन पदों के लिए अपने उम्मीदवारों का फैसला करेगी लेकिन वह चाहते हैं कि जरदारी राष्ट्रपति बनें। उनकी दलील थी कि देश जल रहा है और यदि कोई आग बुझाने में मदद कर सकते है, वह आसिफ अली जरदारी हैं। राष्ट्रपति पद के अलावा पीपीपी की नजर बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री पद पर भी है और पार्टी नेता सरफराज बुगती ने अपनी पार्टी को प्रांत की राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी है।

# जलवायु परिवर्तन व खाद्य संकट से वैश्विक शांति को खतरा बढ़ा

■ संयुक्त राष्ट्र (एपी)।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतरेस ने आगाह किया कि जलवायु परिवर्तन और खाद्य संकट की वजह से वैश्विक शांति के लिए खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि जलवायु आपदाएं खाद्य उत्पादन को खतरे में डालती है और खाली पेट की वजह से अशांति को बढ़ावा मिलता है। गुतरेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर भोजन की कमी और बढ़ते तापमान के असर पर यह कहा।

गुतरेस ने कहा, 'जलवायु और संघर्ष हमारे वैश्विक खाद्य संकट के दो प्रमुख कारक है। जहां युद्ध शुरू होते हैं, वहां भुखमरी हावी हो जाती है - चाहे वह लोगों के विस्थापन के कारण हो, खेती तबाह होने के कारण हो, बुनियादी ढांचे के नुकसान के कारण हो, या जानबूझकर इनकार करने की नीतियों के कारण हो। इस बीच, जलवायु अराजकता दुनियाभर में खाद्य उत्पादन को खतरे में डाल रही है। उन्होंने गाजा संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि गाजा में किसी के पास पर्याप्त भोजन नहीं है और दुनिया में 7 लाख सबसे ज्यादा भूखे लोगों में से 80 फीसदी इसी छोटे-से क्षेत्र में रहते है। उन्होंने कहा कि सीरिया में एक दशक से ज्यादा के युद्ध में 1.3 करोड़ सीरियाई हर दिन भूखे सोते हैं। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु प्रमुख सिमोन स्टिल ने परिषद में कहा कि जलवायु परिवर्तन खाद्य असुरक्षा और संघर्ष में योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज धरती पर हर 10 में से एक व्यक्ति भूख से त्रस्त है और अगर जलवायु परिवर्तन बढ़ता है तो स्थिति और खराब हो जाएगी। कई देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव के बयान को दोहराया लेकिन रूस ने इसका समर्थन नही किया। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वैसिली नेबेंजिया ने मॉस्को के रुख को दोहराते हुए कहा कि जलवायु और खाद्य आपूर्ति जैसे सामाजिक और आर्थिक मुद्दों और अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने में परिषद के रुख के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है और इसीलिए इन मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र की अन्य विशेष संस्थाओं में चर्चा होनी चाहिए।



■ संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने आगाह करते हुए कहा-खाली पेट की वजह से मिलता है अशांति को बढ़ावा

## 'ग्राम स्वयंसेवकों' ने एमपीटीसी में घुसने का किया प्रयास

■ इंफाल (भाषा)।

पूर्वी इंफाल जिले के पंगेई में मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) में कथित तौर पर घुसने का प्रयास करने वाले 'ग्राम स्वयंसेवकों' को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा कर्मियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऐसा संदेह है कि 'ग्राम स्वयंसेवकों' ने हथियार लूटने के लिए परिसर में घुसने की कोशिश की क्योंकि उन्होंने पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि हमलावरों से लड़ने के लिए उन्हें और हथियारों की आवश्यकता है। हालांकि, अधिकारी एमपीटीसी में घुसने के ग्राम स्वयंसेवकों के प्रयास के मकसद पर चुप्पी साधे हुए है, जहां भारी मात्रा में हथियार है। इस घटना में 24 वर्षीय ओकराम सनाटन गोली लगने से घायल हो गया और इंफाल के एक सरकारी अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

# अबू धाबी का पहला मंदिर तकनीक व प्राचीन शिल्प का संगम

■ अबू धाबी(भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अबू धाबी में बुधवार को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) की ओर से नवनिर्मित मंदिर का उद्घाटन किया। दुबई-अबू धाबी शेख जायेद हाइवे पर अल रहबा के समीप स्थित करीब 27 एकड़ परिसर में फैले बीएपीएस की ओर निर्मित यह मंदिर वैज्ञानिक तकनीकों और प्राचीन वास्तुकला विधियों का अनुपम संगम है।

करीब 700 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है और नींव को भरने के लिए फ्लाई ऐश (कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से निकलने वाली राख) का उपयोग किया गया है। मंदिर प्राधिकारियों के अनुसार मंदिर को 'शिल्प' और 'स्थापत्य शास्त्रों' में वर्णित निर्माण की प्राचीन शैली के अनुसार बनाया गया है। शिल्प और स्थापत्य शास्त्र ऐसे हिंदू ग्रंथ हैं, जो मंदिर के डिजाइन और निर्माण की कला का वर्णन करते हैं। बीएपीएस के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने कहा, 'इसमें वास्तुशिल्प पद्धतियों के साथ वैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। तापमान, दबाव और गति (भूकंपीय गतिविधि) को मापने के लिए मंदिर के हर स्तर पर उच्च तकनीक वाले 300 से अधिक सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर अनुसंधान के लिए लाइव डेटा प्रदान करेंगे। यदि क्षेत्र में कोई भूकंप आता है, तो मंदिर इसका पता लगा लेगा। मंदिर के निर्माण प्रबंधक मधुसूदन पटेल ने कहा, 'हमने मंदिर में गर्मी प्रतिरोधी नैनो टाइल और भारी ग्लास पैनल का उपयोग किया है जो पारंपरिक सौंदर्यात्मक पत्थर संरचनाओं और आधुनिक कार्यक्षमता का मेल है। संयुक्त अरब अमीरात में अत्यधिक तापमान के बावजूद श्रद्धालुओं को गर्मी में भी इन टाइल पर चलने में दिक्कत नहीं होगी। मंदिर में अलौह सामग्री का भी प्रयोग किया गया है।'मंदिर के अग्रभाग पर बलुआ पत्थर पर उत्कीर्ण संगमरमर की नक्काशी है, जिसे राजस्थान और गुजरात कारीगरों ने तैयार किया है। मंदिर स्थल पर खरीद और सामान की देखरेख करने वाले विशाल ब्रह्मभट्ट ने बताया कि मंदिर के निर्माण के लिए 700 से अधिक कंटेनर में दो लाख घन फुट से अधिक 'पवित्र' पत्थर लाया गया है।



■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया उद्घाटन

# अदाणी ने शुरू किया दुनिया का सबसे बड़ा सोलर प्लांट, 1.6 करोड़ घर होंगे रोशन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे बड़े ग्रीन एनर्जी पार्क से बिजली का उत्पादन शुरू कर दिया गया है। देश की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने गुजरात के खावड़ा में स्थित 551 मेगावाट के सोलर प्लांट को चालू कर दिया है। इससे नेशनल ग्रिड को बिजली सप्लाई की जाएगी। कंपनी का दावा है कि इस प्लांट से 1.6 करोड़ से ज्यादा घर रोशन किए जा सकेंगे। साथ ही सालाना 5.8 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन कम किया जा सकेगा। इस प्लांट से 81 अरब यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी। अदाणी ग्रीन एनर्जी के मुताबिक, इस प्लांट का काम मात्र 12 महीने में पूरा कर लिया गया है। कच्छ के रण में स्थित इस विशालकाय प्लांट को तैयार करने के लिए सड़क से लेकर सभी जरूरी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

- गुजरात के खावड़ा प्लांट से 81 अरब यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी

**कंपनी का दावा प्लांट से 15 हजार से अधिक नौकरियां पैदा होगी**

### ग्रीन एनर्जी का सबसे बड़ा इकोसिस्टम तैयार कर रही

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि अदाणी ग्रीन एनर्जी दुनिया का सबसे बड़ा रिन्यूएबल एनर्जी इकोसिस्टम तैयार कर रही है। खावड़ा प्रोजेक्ट इसकी प्रयास का हिस्सा है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी पैदा करने का लक्ष्य रखा है। अदाणी ग्रुप इस लक्ष्य को हासिल करने में पूरी मदद करेगा। अदाणी ग्रीन एनर्जी के पास फिलहाल 9029 मेगावाट के संचालित प्लांट हैं, जो कि 12 राज्यों में फैले हुए हैं। कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता 20,844 मेगावाट है।



### कार्बन उत्सर्जन कम किया जा सकेगा

कंपनी के इस प्लांट में करीब 8000 कर्मचारी काम करते हैं। कंपनी ने दावा किया है कि यह प्लांट लगभग 15200 नौकरियां पैदा करेगा। इससे जो कार्बन उत्सर्जन कम किया जाएगा, वह लगभग 1.26 करोड़ कारों को रोड से हटाने के बराबर है। कंपनी की योजना इस प्लांट को 30 गीगावाट क्षमता तक ले जाने की है। इसके लिए 5 साल का लक्ष्य बनाया गया है। यह लक्ष्य हासिल करने के साथ ही खावड़ा प्लांट दुनिया का सबसे बड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट बन जाएगा।

### जैसलमेर में 2140 मेगावाट का विंड सोलर हाइब्रिड प्लांट बनाया

कच्छ का रण रिन्यूएबल एनर्जी के लिए एकदम उपयुक्त वातावरण देते है। यहां विंड एवं सोलर एनर्जी को आसानी से पैदा किया जा सकता है। इस प्लांट के लिए अदाणी ग्रीन एनर्जी ने व्यापक रिसर्च की है। कंपनी ग्रिड कनेक्टेड सोलर, विंड और हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी पावर प्लांट चलाती है। इसने हाल ही में राजस्थान के जैसलमेर में 2140 मेगावाट का विंड सोलर हाइब्रिड प्लांट बनाया था।


## खबर संक्षेप

### इंडिगो ने बीओसी से किया समझौता



**सिंगापुर।** बीओसी एविएशन लिमिटेड और इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड (इंडिगो) ने एक पट्टा समझौते किया है। चार एयरबस ए320एनईओ विमानों के लिए यह समझौता किया गया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक स्टीवन टाउनेंड ने कहा, 'हम इंडिगो के साथ अन्य चार पट्टों संबंधी समझौता करने पर खुश हैं।

### वॉलमार्ट ने भारत से 30 अरब डॉलर के उत्पाद खरीदे




**नई दिल्ली।** दिग्गज खुदरा विक्रेता वॉलमार्ट ने अपने वैश्विक परिचालन के लिए बीते दो दशकों में भारतीय बाजार से 30 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के उत्पादों की खरीदारी की है। वॉलमार्ट इंक की कार्यकारी उपाध्यक्ष एंड्रिया अलब्राइट ने कहा कि अब कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2027 तक भारत से माल की खरीद को तिगुना कर 10 अरब डॉलर प्रति वर्ष करने का है।

### जन स्मॉल बैंक चार फीसदी गिरावट के साथ सूचीबद्ध

JANA
Jana Small Finance Bank

**नई दिल्ली।** जन स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर निर्गम मूल्य 414 रुपये से चार प्रतिशत की गिरावट के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए। शेयर ने एनएसई और बीएसई दोनों पर 414 रुपये के निर्गम मूल्य से 4.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 396 रुपये पर कारोबार शुरू किया। आईपीओ को पेशकश के अंतिम दिन नौ फरवरी को 18.50 गुना अभिदान मिला था।

### सेल का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 22 फीसदी घटा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत घटकर 422.92 करोड़ रुपये रहा है। कमी के चलते उसका शुद्ध लाभ घटा। इससे पिछले साल की अक्टूबर-दिसंबर अवधि के दौरान कंपनी ने 542.18 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### राशि पेरिफेरल्स नौ फीसदी उछाल के साथ सूचीबद्ध

IPO RP tech

**नई दिल्ली।** सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी उत्पाद वितरक कंपनी राशि पेरिफेरल्स के शेयर निर्गम मूल्य 311 रुपये से नौ प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए। कंपनी के शेयर ने एनएसई पर 339.50 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार शुरू किया, जो 311 रुपये के निर्गम मूल्य से 9.16 प्रतिशत अधिक है।

### राइट्स और एडी पोर्ट्स ग्रुप में हुआ समझौता



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग कंपनी राइट्स लिमिटेड ने एडी पोर्ट्स ग्रुप के साथ संयुक्त उपक्रम शुरू करने और कारोबार व लॉजिस्टिक जैसे क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए रणनीतिक समझौता किया है। दोनों कंपनियों ने बुधवार को बयान में कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) का उद्देश्य भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में एक साथ काम करने के लिए संयुक्त सहयोग के संभावित अवसर तलाशना है।

---

### फल और सब्जियों के दामों में आई कमी

# खाने का सामान सस्ता होने से थोक महंगाई जनवरी में घटकर 0.27 फीसदी

- फल, अंडे, दूध, मछली और दूध की कीमतों में गिरावट
- बिजली क्षेत्र की दरे शून्य से नीचे रही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फल और सब्जियों के दाम कम होने से थोक मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 0.27 प्रतिशत पर आ गई। दिसंबर 2023 में यह 0.73 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.39 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में लिए 0.27 प्रतिशत (अस्थायी) रही।'

### आलू की महंगाई नकारात्मक दायरे में रही

थोक मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 4.8 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में खाद्य सामग्री की महंगाई दर 6.85 प्रतिशत रही जो दिसंबर 2023 में 9.38 प्रतिशत थी। इनमें सब्जियों की महंगाई दर 19.71 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2023 में 26.3 प्रतिशत रही थी। आलू की महंगाई नकारात्मक दायरे में रही। फल, अंडे, दूध, मछली और दूध की कीमतों में गिरावट आई है।



- दिसंबर 2023 में 0.73 प्रतिशत रही
- थोक मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे रही
- खाद्य सामग्री की महंगाई दर 6.85 प्रतिशत रही

*ईंधन और बिजली की मुद्रास्फीति शून्य से नीचे : ईंधन और बिजली क्षेत्र में जनवरी में मुद्रास्फीति शून्य से नीचे 0.51 प्रतिशत रही, जबकि दिसंबर 2023 में यह शून्य से नीचे 2.41 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति शून्य से नीचे 1.13 प्रतिशत थी, जबकि दिसंबर 2023 में यह शून्य से नीचे 0.71 प्रतिशत थी।*

### कच्चे पेट्रोलियम की कीमतें घटी

दूसरी ओर दिसंबर 2023 की तुलना में जनवरी 2024 में कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस की कीमतों में 0.33 प्रतिशत, गैर-खाद्य वस्तुओं में 0.49 प्रतिशत और खाद्य वस्तुओं में 1.36 प्रतिशत की गिरावट आई।

### खुदरा मुद्रास्फीति अभी भी पांच फीसदी से ऊपर

भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले सप्ताह अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) या खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के उद्देश्य से नीतिगत दर रेपो को स्थिर रखा था। खुदरा मुद्रास्फीति अब भी पांच प्रतिशत से ऊपर है।

### खनिजों की कीमतें बढ़ी

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) जनवरी 2024 में मासिक आधार पर शून्य से नीचे 0.33 प्रतिशत रहा। प्राथमिक वस्तुओं का सूचकांक जनवरी 2024 में मासिक आधार पर 1.04 प्रतिशत घटकर 181 रहा। दिसंबर में यह 182.9 था।

### शहरी इलाकों में तेजी से घट रही बेरोजगारी दर

भारत के शहरी इलाकों में बेरोजगारी दर लगातार घटती जा रही है। साल 2023 से ही इसमें लगातार गिरावट जारी है। शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर, 2023 के दौरान घटकर 6.5 फीसदी रह गई। साल 2022 में यही आंकड़ा 7.2 फीसदी रहा था। मंत्रालय के तिमाही लेबर फोर्स सर्वे के अनुसार, शहरी इलाकों में लोगों को ज्यादा काम मिल रहे हैं।

### 15 साल से ऊपर के लोग किए जाते हैं शामिल

मंत्रालय ने यह सर्वे अप्रैल, 2017 में शुरू किया था। इससे हर तिमाही में लेबर फोर्स डाटा उपलब्ध कराया जाता है। इसमें 15 साल से ऊपर के लोगों को शामिल किया जाता है। हालिया सर्वे के अनुसार, पुरुषों के लिए बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर, 2022 के 6.5 फीसदी से घटकर अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में 5.8 फीसदी रह गई। समान अवधि में महिलाओं के लिए बेरोजगारी की दर 9.6 फीसदी से घटकर 8.6 फीसदी रह गई।

### वर्कर टू पापुलेशन रेश्यो भी बढ़ा


इस अवधि में वर्कर टू पापुलेशन रेश्यो चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 46.6 फीसदी हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में यही आंकड़ा 44.7 फीसदी रहा था। पुरुषों के लिए डब्ल्यूपीआर 68.6 फीसदी से बढ़कर 69.8 फीसदी और महिलाओं के लिए यही आंकड़ा 20.2 फीसदी से बढ़कर 22.9 फीसदी हो गया है।

---

# चार करोड़ रुपए से अधिक कीमत के घरों की बिक्री 75 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऊंची आर्थिक हैसियत वाले लोग (एचएनआई) अब लक्जरी आवासीय इकाइयों को खरीदने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। यही वजह है कि पिछले साल देश के सात प्रमुख शहरों में चार करोड़ रुपये या उससे अधिक दाम के घरों की बिक्री में 75 प्रतिशत की भारी वृद्धि देखी गयी। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी सीबीआरई ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।



- रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी सीबीआरई ने जारी की रिपोर्ट

इसके मुताबिक, सात प्रमुख शहरों में से दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक तेजी रही और यहां लक्जरी घरों की बिक्री में लगभग तीन गुना उछाल आया।

वर्ष 2023 में चार करोड़ रुपये या उससे अधिक कीमत के 12,935 घरों की बिक्री हुई जबकि साल 2022 में यह संख्या 7,395 इकाई थी। इस तरह लक्जरी घरों की बिक्री में 75 प्रतिशत का बड़ा उछाल देखा गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया एवं अफ्रीका) अंशुमान मैगज़ीन ने कहा, 'बदलते परिदृश्य के बीच प्रीमियम और लक्जरी आवासीय क्षेत्रों का आकर्षण बने रहने की उम्मीद है क्योंकि इसे अनुकूल बाजार स्थितियों से समर्थन हासिल है।'

### पुणे में 450 इकाइयों की बिक्री रही

पुणे में पिछले साल 450 इकाइयों की बिक्री देखी गई । बेंगलुरु में लक्जरी घरों की बिक्री 265 इकाइयों पर स्थिर रही। कोलकाता में लक्जरी घरों की बिक्री मामूली रूप से बढ़कर 310 इकाई हो गई जबकि चेन्नई में यह संख्या 160 इकाई पर पहुंच गई।

---

# यात्री वाहन की थोक बिक्री जनवरी में 14 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 3,93,074 इकाई हो गई। यह जनवरी में अभी तक दर्ज बिक्री का सर्वाधिक आंकड़ा है।

जनवरी 2023 में थोक बिक्री 3,46,080 इकाई रही थी। वाहन कंपनियों के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,95,183 इकाई रही। जनवरी 2023 में थोक बिक्री 11,84,376 इकाई रही थी। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा, 'सकारात्मक उपभोक्ता धारणा के बीच यात्री वाहन की बिक्री मजबूत बनी हुई है। दोपहिया वाहन खंड में जनवरी में अच्छी वृद्धि देखी गई और ग्रामीण बाजार में सुधार जारी है।' उन्होंने कहा कि हालांकि जनवरी 2024 में वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र में वृद्धि नहीं हुई, लेकिन चालू वित्त वर्ष के अगले दो महीनों में इसमें अच्छी मांग की संभावना है। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में नौ प्रतिशत की वृद्धि के साथ 53,537 इकाई रही, जबकि जनवरी 2023 में यह 48,903 इकाई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल से जनवरी की अवधि में यात्री वाहनों और तिपहिया वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई।'



- जनवरी में सालाना आधार पर 3,93,074 इकाई रही
- जनवरी में दर्ज अब तक का सबसे बड़ा बिक्री आंकड़ा

### बजाज ने 1,78,056 मोटरसाइकिलें बेचीं

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने जनवरी 2023 की 1,27,912 इकाई की तुलना में पिछले महीने 1,83,638 इकाइयों की बिक्री की। सियाम ने कहा कि बजाज ऑटो लिमिटेड ने पिछले महीने 1,78,056 मोटरसाइकिलें बेचीं, जबकि जनवरी 2023 में यह आंकड़ा 1,38,860 इकाई था।

---

# केंद्रीय मंत्री रूपाला करेंगे एबीस फिश फीड प्लांट का उदघाटन

- देश का पहला पूर्णत: स्वचालित प्लांट व लैब विकसित

⏭ राजनांदगांव

16 फरवरी को आईबी ग्रुप की महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत शुरू होने वाले एबीस फिश फीड सुखरी प्लांट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केन्द्रीय पशुपालन मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला उपस्थित होंगे। इस समारोह के माध्यम से रूपाला लगभग 300 एक्वा किसानों से सीधे संवाद करेंगे और फार्मिंग में आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए उन्हें मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम में कई अन्य गणमान्य अतिथि भी सम्मिलित होंगे। राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में स्थापित देश के इंटीग्रेटेड प्रोटीन लीडर आईबी ग्रुप विगत 40 वर्षों से भारत में प्रोटीन पोषण पहुंचा रहा है। विश्वस्तरीय तकनीक से सामंजस्य बैठाते हुए आईबी ने अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित प्लांट्स और रिसर्च लैब विकसित किए हैं। जिससे हाई क्वालिटी लाइवस्टॉक फीड्स का उत्पादन हो रहा है और समृद्धि की ओर कदम बढ़ाते भारतीय पशुधन उद्योग आत्मनिर्भर बन रहा है।

### देशभर में आईबी के सात प्लांट

भारत के हर एक व्यक्ति तक प्रोटीन पोषण पहुंचाने की अपनी यात्रा में आईबी देश के विभिन्न राज्यों में लगभग 7 फीड प्लांट की स्थापना कर चुका है। आईबी अपनी विस्तार योजना के तहत देशभर में और भी प्लांट स्थापित करने वाला है। इसी दिशा में कार्य करते आईबी ग्रुप



शुक्रवार 16 फरवरी को देश का पहला हाइब्रिड, पूर्णतः स्वचालित एवं ऑइल कोटेड फिश फीड प्लांट का शुभारंभ करने जा रहा है।

### गांव में रहकर गांव का विकास

गांव में रहकर गांव का विकास की अपनी सोच के साथ आईबी ग्रुप ने राजनांदगांव के ग्राम सुखरी में हाइब्रिड माइक्रो पैलेट फिश फीड प्लांट की स्थापना की है। जिसकी उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 600 मैट्रिक टन है। इस प्लांट द्वारा देश में हाई क्वालिटी मत्स्य आहार की मांग को पूरा किया जाएगा। साथ ही प्लांट के माध्यम से आसपास के क्षेत्र में लगभग 500 से अधिक लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 2500 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

### सोना 750 रुपए टूटा चांदी 1,400 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोने की कीमत 750 रुपये टूटकर 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'विदेशी बाजारों से नरमी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 750 रुपये की गिरावट के साथ 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।'

---

# एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में 15 साल के बच्चे को मिला नया जीवन

**रायपुर।** हर साल 15 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य बच्चो में होने वाले कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और कैंसर के सही इलाज के लिए काम करना है। इसी कड़ी में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में कैंसर पीड़ित 15 साल के बच्चे को सफल इलाज किया गया।



दरअसल, कोंडागांव जिले का रहने वाला उमेश सोरी एमाइलॉयडोसिस नाम की दुर्लभ बीमारी से जूझ रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति भी बहुत खराब थी। स्थानीय डॉक्टर को दिखाने पर उन्हें कोई गंभीर बीमारी की आशंका हुई तो उन्होंने उसे रायपुर स्थित एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रेफर कर दिया। जहां डॉ यशवंत कश्यप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट) ने जांच मे पाया की अजय को एमाइलॉयडोसिस (जिसमे पेट की तीली के पास प्रोटीन जमा हो जाता है) नामक दुर्लभ बीमारी के साथ ब्लड कैंसर भी था। डॉ यशवंत कश्यप ने उमेश का हौसला बढ़ाया और उसे शुरूआती महीनों में कीमोथेरपी और इम्यूनोथेरेपी दी गई। धीरे-धीरे उसकी तबियत मे सुधार होने लगा और अब उमेश कैंसर से पूरी तरह ठीक हो चुका है।

उमेश की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने उमेश की मानसिक, आर्थिक तौर पर बहुत सहायता की। अस्पताल ने सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर उमेश के इलाज के लिए फंड जमा किया जिससे उमेश के इलाज में बाधा नहीं आयी।

---

### जनवरी 2023 में दालों की महंगाई दर 4.27 फीसदी रही थी

# जनवरी 2024 में 20 फीसदी रही दालों की महंगाई दर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

12 फरवरी 2024 को सरकार ने खुदरा महंगाई दर के आंकड़े जारी किए और इन आंकड़ों के तह में जाएं तो भले ही खुदरा महंगाई दर जनवरी 2024 में घटकर 5.10 फीसदी पर आ गई हो लेकिन दालों की महंगाई दर 20 फीसदी के करीब है। सांख्यिकी मंत्रालय ने जो डेटा जारी किया है उसके मुताबिक जनवरी 2024 में दालों और इससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई दर 19.54 फीसदी रही है जबकि जनवरी 2023 में दालों की महंगाई दर 4.27 फीसदी रही थी। सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के प्राइस मॉनिटरिंग डिविजन के डेटा के मुताबिक 12 फरवरी 2024 को अरहर दाल की औसत कीमत 149.27 रुपये प्रति किलो रही है जो एक साल पहले 12 फरवरी 2023 को 110.14 रुपए प्रति किलो हुआ करती थी। एक साल में अरहर दाल की औसत कीमत में 35.52 फीसदी का उछाल आ चुका है। उड़द दाल की मौजूदा औसत कीमत 123.09 रुपये प्रति किलो है जो एक साल पहले 105.1 रुपये किलो थी।

- 12 फरवरी 2024 को अरहर दाल की औसत कीमत 149.27 रुपए प्रति किलो रही

*इंपोर्ट प्रभावित होने से बढ़ी कीमत !: भारत ने अफ्रीकी देश मोजैम्बिक के साथ दालों के इंपोर्ट के लिए करार किया हुआ है। लेकिन मोजैम्बिक के दो ट्रेडर्स के आपसी झगड़े के चलते अरहर दाल का इंपोर्ट प्रभावित हुआ है। अरहर दाल इंपोर्ट करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है तो जिसके चलते भारत में कीमतों में उछाल देखने को मिला है।*

### सरकार के कदम नाकाफी साबित

देश में दालों के खपत के लिए सरकार आयात पर निर्भर है। दालों की महंगाई पर काबू पाने के लिए सरकार ने हाल के दिनों में कई फैसले लिए हैं। सरकार ने अरहर, मसूर और उड़द दाल के ड्यूटी फ्री इंपोर्ट किए जाने की अवधि को 31 मार्च 2025 तक के लिए एक्सटेंड कर दिया है। भारत दाल ब्रांड के नाम से सरकार 60 रुपये प्रति किलो में चना दाल बेच रही है। इसके अलावा अरहर दाल, उड़द और मसूर दाल के स्टॉक लिमिट को घटा दिया गया है साथ इसकी अवधि भी बढ़ाई जा चुकी है इसके बावजूद दालों के दामों में कमी नहीं आ रही है।



### मूंग दाल में आया उछाल

मूंगी दाल अभी 116.49 रुपये प्रति किलो में मिल रहा जो बीते साल इसी तारीख को 102.95 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था। एक साल में मूंग दाल की कीमत में 13.15 फीसदी का उछाल आया है। चना दाल एक साल पहले 70.51 रुपये में मिल रही थी जो अब 82.93 रुपये किलो में मिल रहा है यानि एक साल में 14.77 फीसदी कीमत बढ़ चुका है।

---

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 268 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, धातु और बिजली क्षेत्र के शेयरों में अंतिम दौर की खरीदारी आने से बुधवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स 268 अंक बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि निफ्टी भी 21,800 के ऊपर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 267.64 अंक चढ़कर 71,822.83 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 71,938.59 अंक के ऊपरी और 70,809.84 अंक के निचले स्तर तक गया। निफ्टी भी 96.80 अंक यानी 0.45 प्रतिशत बढ़कर 21,840.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में सर्वाधिक 4.24 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, पावरग्रिड, आईटीसी और नेस्ले इंडिया भी लाभ में रहीं।



- ऊर्जा, धातु और बिजली क्षेत्र के शेयरों में आई खरीदी

# टेस्ट आज : निर्भीक इंग्लैंड के खिलाफ निडर और चतुराई भरा क्रिकेट खेलने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶ राजकोट

भारतीय टीम गुरुवार से जब यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए उतरेगी तो उसे निडर और चतुराई भरा क्रिकेट खेलने के अलावा मध्यक्रम की कमजोरियों का भी समाधान ढूंढना होगा। इंग्लैंड ने हैदराबाद में श्रृंखला के पहले मैच में भारत को हराया लेकिन मेजबान टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में वापसी करते हुए पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। यशस्वी जायसवाल (321 रन) और जसप्रीत बुमराह (15 विकेट) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत की जीत सुनिश्चित की लेकिन मध्यक्रम टीम की चिंता का सबब बना हुआ है जहां योगदान देने की जिम्मेदारी अब युवा प्रतिभाओं पर है।

- पांच मैच की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर



## रोहित की खराब फॉर्म बनी चिंता

आठ दिन के ब्रेक से पहले कप्तान रोहित शर्मा की बल्ले से खराब फॉर्म ने भारतीय बल्लेबाजी क्रम की चिंता बढ़ाई ही है। भारतीय टीम इस मैच में लोकेश राहुल के बिना उतरेगी जबकि विराट कोहली पूरी श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। पिछले लगभग एक साल से रोहित ने बल्ले से आक्रामक रुख अपनाया है लेकिन बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए टीम को अपने कप्तान से बड़ी पारी की उम्मीद होगी।



## सरफराज और ध्रुव को मिल सकता है मौका

राहुल के अनुपलब्ध होने से मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिल सकता है। अगर ऐसा होता है तो घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाने वाले सरफराज एक टेस्ट खेल चुके रजत पाटीदार के साथ मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे। विकेटकीपर केएस भरत की बल्ले से लगातार नाकामी को देखते हुए भारत के उत्तर प्रदेश के 23 साल के ध्रुव जुरेल को मौका देने की संभावना बढ़ गई है। जुरेल आक्रामक बल्लेबाजी के लिए भी पहचाने जाते हैं। जुरेल ने 15 प्रथम श्रेणी मैच में 46.47 की औसत से रन बनाए हैं और राजकोट की पिच के पूरी तरह से स्पिन के अनुकूल होने की संभावना नहीं है और ऐसे में उन्हें अगर पदार्पण का मौका मिलता है तो उनके लिए आसानी होगी।

## स्पिनरों का जलवा

*शुरुआती दो मैच में इंग्लैंड के स्पिनरों ने मेजबान टीम के स्पिनरों से बेहतर प्रदर्शन किया है। आंकड़े हालांकि कहानी का सिर्फ एक पक्ष बयां करते हैं और इस हिसाब से भारतीय स्पिनर (38.39 के औसत से विकेट) इंग्लैंड के स्पिनरों (33.90 के औसत से विकेट) से काफी पीछे नहीं हैं।*



*पिछली कुछ घरेलू श्रृंखलाओं में स्पिनरों का दबदबा देखने को मिला है लेकिन मौजूदा श्रृंखला में तेज गेंदबाज भी भूमिका निभा रहे हैं और बुमराह ने भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। भारत के शीर्ष स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के नाम 499 विकेट दर्ज हैं और इस मैच के दौरान उनके 500 टेस्ट विकेट के एलीट क्लब में शामिल होने की पूरी उम्मीद है।*

## हर्टले करेंगे हर्ट

*इंग्लैंड को उसी तरह सही कदम उठाते रहने होंगे जैसे वे अब तक भारत दौरे पर उठाते रहे हैं। इंग्लैंड की टीम ब्रेक के दौरान अबु धाबी में समय बिताने के बाद वापस लौट चुकी है। टीम ने भारत दौरे की तैयारी अबु धाबी में ही की थी। भारतीय सरजमीं पर कदम रखने के बाद से स्पिनर टॉम हर्टले का आत्मविश्वास काफी बढ़ चुका है। उन्होंने अपनी सटीक लाइन और लेंथ से भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है और उनकी आक्रामक बल्लेबाजी टीम की मनसिकता के अनुकूल है।*



## खबर संक्षेप



### कप्तान बन न्यूयॉर्क टीम से जुड़े युवराज

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह को बुधवार को लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के दूसरे सत्र के लिए न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स का कप्तान और आइकन खिलाड़ी नियुक्त किया गया। युवराज न्यूयॉर्क की टीम की अगुआई करेंगे जिसमें बाबर आजम, राशिद खान, कीरोन पोलार्ड, इमाम उल हक, नसीम शाह, मथीसा पथिराना, रहमानुल्लाह गुरबाज, आसिफ अली और मोहम्मद आमिर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।
फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, 'युवराज के शामिल होने से टीम में विशेषज्ञता, कौशल और नेतृत्व क्षमता में इजाफा होगा जिससे टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स की तैयारी मजबूत होगी।'

### इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं : जडेजा



**राजकोट।** भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने बुधवार को कहा कि इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं है। इंग्लैंड ने हैदराबाद में श्रृंखला के शुरुआती मैच में भारत को हराया था लेकिन मेजबान टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में मजबूत वापसी करके बराबरी हासिल कर ली। तीसरा टेस्ट गुरुवार से यहां शुरू हो रहा है। जडेजा ने तीसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, 'मैं इंग्लैंड को टीमों में से एक नहीं कहूंगा। अन्य टीमों के लिए भारत आना और यहां आकर जीतना आसान नहीं है। वह आक्रामक होकर खेलते हैं। हमें बस इससे सामंजस्य बैठाना होगा और उसके अनुसार योजना बनानी होगी।'

### कैरी ने पारी में झटके रिकार्ड आठ कैच



**एडीलेड।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट मैच में बुधवार को आठ कैच लेकर अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। भारत में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के दौरान राष्ट्रीय टीम के अंतिम एकादश से बाहर होने के बाद 50 ओवर का अपना पहला मैच खेल रहे कैरी ने क्वींसलैंड पर साउथ ऑस्ट्रेलिया की जीत में आठ कैच लपके। उन्होंने इसमें से पांच कैच गेंदबाज जॉर्डन बकिंगघम की गेंद पर लिए और मैट कुहनेमन का कैच लपक कर उन्होंने आठ कैचों के लिस्ट ए के रिकॉर्ड की बराबरी की। लिस्ट ए क्रिकेट में आठ कैच लेने वाले दो और विकेटकीपर डेरेक टेलर और जेम्स पाइप हैं।

## बीएटीसी : टीम भारत ने नॉकआउट में किया प्रवेश

# सिंधू की जीत के साथ वापसी भारत ने चीन को 3-2 से हराया

एजेंसी ▶▶ शाह आलम

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां जीत दर्ज की जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्लू में सिर्फ दो टीम होने के कारण पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया।

थॉमस कप 2022 चैंपियन और पिछले साल एशियाई खेलों में पहली बार रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम ने भी हांगकांग के खिलाफ 4-1 की आसान जीत से ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाई। हांगकांग को मंगलवार को चीन के खिलाफ भी 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को शीर्ष वरीय चीन से भिड़ेगी जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा।



### प्रणय हारे, फिर टीम ने 4-1 किया स्कोर

*पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय पहले एकल में एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 18-21, 14-21 से हार गए लेकिन भारत ने अगले चार मुकाबले जीतकर 4-1 से जीत दर्ज की। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी ने लुई चुन वेई और येयुंग शिंग चोई की जोड़ी के खिलाफ 21-16, 21-11 से आसान जीत दर्ज की जबकि लक्ष्य सेन को भी चैन यिन चाक को 21-14, 21-9 से हराने में अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने चाउ हिन लोंग और हुंग कुएइ चुन को 21-12, 21-7 से हराकर भारत की बढ़त को 3-1 किया जबकि किदांबी श्रीकांत ने जेसन गुनावन को 21-14, 21-18 से हराकर टीम की 4-1 से जीत सुनिश्चित की। चार ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाएंगी।*

### 40 मिनट में जीती सिंधू

पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर रही सिंधू ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हेन युई को 40 मिनट में 21-17, 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता 28 साल की सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है।

### महिला युगल में मिली हार

तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टैन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21, 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21, 15-21 से हार गई जिससे तीन मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया।

### दो लगातार जीत

त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को एक घंटे और नौ मिनट में 10-21, 21-18, 21-17 से हराकर भारत को बराबरी दिलाई। चीन की दूसरे दर्जे की टीम के खिलाफ निर्णायक मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने दुनिया की 149वें नंबर की वू लियो यू को एक घंटे और 17 मिनट में 22-20, 14-21,, 21-18 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की।

# ईशा, उमामहेश ने वर्ल्ड कप में जीता स्वर्ण पदक

### निशानेबाजी : अनवी और अभिनव को रजत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे अंतराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ के 10 मीटर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीता।

ईशा अनिल टकसाले और उमामहेश मादिनेनी ने अपनी व्यक्तिगत महिला और पुरुष स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मंगलवार को यहां मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में अनवी राठौड़ और अभिनव साव की हमवतन जोड़ी को 16-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत के इस प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक सहित सात पदक हो गए हैं। अनवी और अभिनव ने 629.0 अंक के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। ईशा और उमामहेश 627.4 अंक के साथ उनसे पीछे थे।

इससे पहले मंगलवार को दृष्टि सांगवान और पारस खोला एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक मुकाबले में जगह बनाने में नाकाम रहे। यह जोड़ी क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रही। जॉर्जिया की जोड़ियों ने इस स्पर्धा का स्वर्ण और रजत तदक जीता। विश्व कप में भारत का 34 सदस्यीय दल हिस्सा ले रहा है। इस प्रतियोगिता में सिर्फ जूनियर और सीनियर 10 मीटर एयर गन स्पर्धाएं हो रही हैं।

# रोहित होंगे टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के कप्तान

एजेंसी ▶▶ राजकोट

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने बुधवार को यहां कहा कि इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा भारत की कप्तानी करेंगे।



भारत के पास हार्दिक पंड्या के रूप में छोटे प्रारूप का पूर्ण कालिक कप्तान है लेकिन वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार के बाद विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर बल्लेबाजों ने जून में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा जाहिर की। शाह ने कहा, 'हम 2023 में लगातार 10 जीत के बावजूद अहमदाबाद में विश्व कप नहीं जीत पाए लेकिन हमने दिलों को जीता। मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि 2024 (टी20 विश्व कप) में बारबाडोस (फाइनल का स्थान) में हम रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत का झंडा गाड़ेंगे।' शाह खंडेरी में सौराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस स्टेडियम का नाम अब अनुभवी क्रिकेट प्रशासक निरंजन शाह के नाम पर रखा गया है।

### डब्लूपीएल में गुजरात की कप्तान होंगी मूनी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 23 फरवरी से शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र में गुजरात जाइंट्स की कप्तानी करेंगी।



फ्रेंचाइजी ने बुधवार को इसकी घोषणा की। मूनी को पहले सत्र के लिए भी कप्तान बनाया गया था लेकिन पहले मैच के बाद वह चोटिल हो गईं और टूर्नामेंट के बाकी मुकाबलों में नहीं खेल सकीं। उनकी अनुपस्थिति में भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा ने टीम का नेतृत्व किया था। स्नेह को दूसरे सत्र के लिए उप कप्तान बनाया गया है।

# श्रीलंका ने अफगान पर किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶ पल्लेकले





सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका के शतक से श्रीलंका ने बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अफगानिस्तान को 88 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से करारी शिकस्त देकर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

पहले वनडे में नाबाद 210 रन बनाने वाले निसांका ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 101 गेंद पर 118 रन बनाए, जिसमें 16 चौके और दो छक्के शामिल हैं। उन्होंने फर्नांडो (91 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 173 रन की साझेदारी की। श्रीलंका ने 35.2 ओवर में तीन विकेट पर 267 रन बना कर जीत दर्ज की। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.2 ओवर में 266 रन बनाए थे। उसकी तरफ से रहमत शाह (65) और अजमतउल्लाह उमरजई (54) ने अर्धशतक जमाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज रहमतउल्लाह गुरबाज ने 48 और इकराम अलिखिल ने 32 रन का योगदान दिया।

### बीसीसीआई ने किया शानदार काम : स्टोक्स

**राजकोट।** भारत सरकार और बीसीसीआई के हस्तक्षेप के कारण युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद का वीजा मुद्दा कम समय में सुलझ गया।



वह हालांकि भारत के खिलाफ तीसरा टेस्ट शुरू होने से एक दिन पहले अपनी कागजी कार्रवाई पूरी करने में सक्षम रहे। स्टोक्स ने तीसरे टेस्ट मैच से पहले कहा, 'किसी भी व्यक्ति के लिए वीजा का इंतजार करना हमेशा तनाव वाला समय होता है लेकिन शुक्र है कि हमने इसे आज सुबह पूरा कर लिया। हवाई अड्डे पर उसे शुरुआत में वीजा देकर वहां के लोगों ने बहुत अच्छा काम किया।

## एफआईएच प्रो-लीग : लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाना

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लय कायम रखने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

एफआईएच प्रो-लीग के सत्र को लगातार दो जीत के साथ शुरू करने वाली भारतीय टीम गुरुवार को यहां जब ऑस्ट्रेलिया की मजबूत पुरुष टीम के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाना होगा। भारत ने स्पेन को 4-1 से हारने के बाद गत चैंपियन और विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड को शूटआउट में 4-2 से मात दी।

नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। दोनों देशों के द्विपक्षीय मुकाबलों के जीत-हार का रिकॉर्ड बड़े अंतर से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है लेकिन



पिछले कुछ समय में भारतीय टीम ने उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम इस लय को जारी रखना चाहेगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम भी इस मुकाबले में दो जीत के साथ आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। टीम ने स्पेन को 4-3 और आयरलैंड को 5-0 से करारी शिकस्त दी। टीम पिछले सत्र में भारत से मिली दो हार का बदला लेने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'टीम ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अभी काफी सुधार करना बाकी है। शीर्ष टीमों के खिलाफ लगातार मैच खेलना हमेशा कठिन होता है, लेकिन हमें उबरने के लिए अच्छा ब्रेक मिला और अब हमारा ध्यान भुवनेश्वर चरण के आखिरी दो मैचों पर है।'

### शानदार लय में हरमनप्रीत

*फुल्टोन को पता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम कितनी मजबूत है लेकिन उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले मैच के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'यह निश्चित रूप से एक कठिन मैच होने वाला है। वे (ऑस्ट्रेलिया) लगातार बड़ी जीत दर्ज कर रहे हैं।' भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि कप्तान हरमनप्रीत सिंह शानदार लय में है। उन्होंने अब तक तीन गोल किए हैं। नीदरलैंड के खिलाफ अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शूटआउट में शानदार रक्षण के साथ एक बार फिर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को भुवनेश्वर चरण में आयरलैंड का सामना करेगी।*



# सारा अली खान की पिक्चर में इमरान हाशमी की एंट्री

सारा अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर छाई हुई हैं। फैंस सारा की फिल्म ए वतन मेरे वतन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म में बॉलीवुड के सीरियल किलर की छवि को मेंटेन करने वाले इमरान हाशमी नजर आएंगे। अब इमरान फिल्म में किस रोल में रहेंगे चलिए बताते हैं आपको।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान हाशमी इस समय एक धांसू प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। वैसे तो उन्हें अलग-अलग फिल्मों में अलग-अलग किरदारों में देखा गया लेकिन अब जो लेटेस्ट रिपोर्ट आई है, उसके मुताबिक इमरान सारा की आने वाली फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे। ये कैमियो बड़े सोशलिस्ट लीडर राम मनोहर लोहिया का हो सकता है।

**इमरान ने पूरी की फिल्म की शूटिंग**

सूत्रों के मुताबिक, इमरान हाशमी की भूमिका सारा अली खान की इस फिल्म में बेहद अहम होगी। हाल ही में, इमरान ने अपनी शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म में लंबे समय बाद फैंस उन्हें देखने के लिए बेहद एक्साइटेड है। स्वतंत्रता सेनानियों पर बेस्ड इस कहानी में इमरान हाशमी का योगदान भी काफी बढ़िया है। वहीं, इमरान भी खुद को इस किरदार में देखने के लिए काफी एक्साइटेड और खुश हैं।



# रणबीर की एनिमल को देख भड़की हुमा

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल को लेकर अब भी लगातार चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल को लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने इस पर खुलकर बात की। हुमा ने



कहा कि उन्हें रश्मिका और रणबीर की ये फिल्म बहुत पसंद आई है। इतना ही नहीं एक्ट्रेस ने इस फिल्म के एक सीन को करने की इच्छा भी जाहिर की। हुमा का फिल्म पर दिया गया ये बयान सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस बात को दर्शक तय करें कि उन्हें ये फिल्म देखनी है या फिर नहीं। मुझे इस तरह की फिल्म करना पसंद है। जिसमें मैं मशीन गन पकड़ सकूं और लोगों को मार सकूं। मुझे हमेशा ऐसा लगता है कि बतौर एक्ट्रेस मैं किसी ऐसी चीज का हिस्सा बनूं, जो बेहद रोमांचक हो और इतना ज्यादा विनाशकारी हो।

**कई समाज सुधारक फिल्में बन चुकी हैं**

जब मैं वुल्फ ऑफ वॉल या वाएलेंस वाली फिल्में देखती हूं तो मुझे ऐसी फिल्में करने का मन करता है। अगर लोगों को लगता है कि ये फिल्में वाकई समाज को प्रभावित करती हैं तो अब तक समाज में सुधार हो चुका होता, क्योंकि कई समाज सुधारक फिल्म बन चुकी हैं। अगर वो अब तक नहीं सुधरा तो अब नहीं बिगड़ेगा। मेरा मानना तो ये है कि एनिमल भी बनाओ और महारानी भी बनाओ। जब तक लोगों को पसंद आए।

# सिंघम 3 से सामने आया अर्जुन कपूर का धांसू लुक


फिल्म सिंघम का तीसरा पार्ट सिंघम 3 इन दिनों काफी चर्चा में बनी बना हुआ हैं। रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम 3 से अभी तक कई स्टार्स के लुक सामने आ गए हैं। अजय देवगन से लेकर करीना कपूर तक सभी स्टार्स का लुक काफी दमदार लगा। सिंघम 3 में कुछ नए स्टार्स की भी एंट्री हुई हैं। फिल्म सिंघम 36में दीपिका पादुकोण भी नजर आने वाली हैं। इसके अलावा फिल्म में अर्जुन कपूर की एंट्री भी पक्की हो गई है। अब फिल्म सिंघम 3 से अर्जुन कपूर का पहला लुक भी सामने आ गया है। अर्जुन कपूर के इस लुक को देखने के बाद हर कोई हैरान है। अब रोहित शेट्टी की इस फिल्म से विलेन का लुक भी सामने आ गया है। सिंघम 3 से सामने आया अर्जुन कपूर का लुक सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।





# बाफ्टा अवॉर्ड्स की शान बनेंगी दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण का साल 2023 काफी शानदार रहा। पिछले साल वो 'जवान', 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही इस साल की शुरुआत भी 'फाइटर' के साथ हुई है। इसमें उन्होंने ऋतिक रोशन के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर की है। इसमें अमिताभ बच्चन और कमल हासन भी दिखाई देंगे। बॉलीवुड ही नहीं साउथ में भी अब वो अपना सिक्का जमा रही हैं। साथ ही उनके पास रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' है। ऐसे में अगर कहा जाए कि दीपिका की किस्मत के सितारे इस वक्त बुलंद चल रहे हैं, तो गलत नहीं होगा। अब दीपिका पादुकोण लंदन में होने वाले बाफ्टा अवॉर्ड्स 2024 में नजर आने वाली हैं। अवॉर्ड्स सीजन की शुरुआत हो चुकी है। कुछ अवॉर्ड्स की नॉमिनेशन लिस्ट आ गई है, तो वहीं कुछ अवॉर्ड्स पहले ही दिए जा चुके हैं। अब बाफ्टा यानी 'ब्रिटिश अकैडमी फिल्म अवॉर्ड्स' की बारी है, जिसका आयोजन लंदन में 18 फरवरी को होने वाला है। इसमें दीपिका पादुकोण भी शामिल होंगी। वो इसमें डेविड बेकहम से लेकर दुआ लीपा जैसे जाने-माने सितारों को ज्वॉइन करेंगी और बतौर प्रेजेंटर हिस्सा लेंगी। दीपिका के साथ 'द क्राउन' स्टार एम्मा कोरिन और गिलियन एंडरसन, हिमेश पटेल और इदरीस एल्बा, 'साल्टबर्न' स्टार बैरी केओघन, 'मेस्ट्रो' एक्टर ब्रैडली कूपर और कैरी मुलिगन, 'ओपेनहाइमर' एक्टर किलियन मर्फी और डायरेक्टर ग्रेटा ग्रेविग, क्रिस्टोफर नोलन जैसे कई कलाकार इस अवॉर्ड फंक्शन में शामिल होने वाले है।



# बॉलीवुड से अचानक गायब हो गई हैं ये एक्ट्रेस

कहा जाता है कि कलाकार की कला को लोग हमेशा याद करते हैं। बॉलीवुड सितारों के साथ भी कुछ ऐसा ही है। यही कारण है कि जब सितारों से जुड़े अपडेट्स सामने नहीं आते तो लोगों के मन में तरह-तरह के सवाल उठते हैं। बॉलीवुड की कई ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिनकी लंबे समय से फैंस को कोई खोज खबर नहीं है। ना ही इन अभिनेत्रियों को किसी प्रोजेक्ट पर काम करते हुए देखा जा रहा है। आइए जानते हैं इस लिस्ट में शामिल सभी स्टार्स के बारे में।

**तनिशा मुखर्जी**

तनुजा मुखर्जी की बेटी और काजोल की छोटी बहन तनिशा मुखर्जी का नाम भी उन सितारों की लिस्ट में शामिल है, जिन्हें लंबे समय से देखा नहीं गया है। कई सारी फिल्मों में काम करने के बाद तनिशा मुखर्जी बिग बॉस में भी पहुंची। पर, वो इस कदम से कुछ खास कमाल नहीं कर पाईं।

**किम शर्मा**

किम शर्मा ने छोटे-मोटे नहीं, बल्कि शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन जैसे सितारों के साथ काम किया है। उनकी फिल्में हिट भी रही। पर फिर भी उनका जादू नहीं चल पाया। पॉपुलैरिटी और वर्क फ्रंट, आजकल दोनों तरह से किम की कोई जानकारी नहीं है।

**स्नेहा उल्लाल**

स्नेहा उल्लाल ने सलमान खान के साथ फिल्म लकी नो टाइम फॉर लव से बॉलीवुड में कदम रखा था। बड़े स्टार के साथ इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद भी एक्ट्रेस कुछ खास कमाल नहीं कर पाई। बॉलीवुड के बाद उन्होंने तेलुगु फिल्मों में काम किया था।

**रिमी सेन**

इंडस्ट्री में 8 साल तक काम करने के बाद एक्ट्रेस ने संन्यास की घोषणा कर दी थी। उन्होंने इस फैसले के पीछे रुचि की कमी कारण बताया था। एक मीडिया वेबसाइट से बातचीत के दौरान वो कहती हैं, बॉलीवुड में मेरी रुचि कम हो गई है। मुझे केवल कॉमेडी फिल्मों में भूमिकाएं मिल रही थी।

**मिनिषा लांबा**

इन सभी सितारों के साथ-साथ एक्ट्रेस मिनिषा लांबा से दूर हो गई हैं। मिनिषा लांबा ने एक बार इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें लाइम लाइट में रहना पसंद नहीं है।

# सितारों पर भी चढ़ा वेलेंटाइन डे का रंग

कल जहां लोगों ने बसंत पंचमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया तो वहीं हर तरफ प्रेमी जोड़े एक दूसरे को वेलेंटाइन डे विश करते दिखाई दिये। ऐसे में बॉलीवुड स्टार्स भी किसी से पीछे नहीं थे। सोशल मीडिया पर कई सितारे अपने साथी को बेहद खास अंदाज में वेलेंटाइन डे विश करते नजर आए। आइए आपको बताते हैं किन किन सितारों ने अपने साथी को याद किया इस खास मौके पर -

**कृति खरबंदा**

अभिनेत्री कृति खरबंदा इन दिनों सुर्खियां बटोर रहीं हैं। जल्द ही कृति अभिनेता पुलकित सम्राट के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक पोस्ट साझा करते हुए पुलकित के प्रति अपने प्यार का इजहार किया है।



**बिपाशा बसु**




अभिनेत्री बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर बॉलीवुड में पॉवर कपल के रूप में मशहूर हैं। वेलेंटाइन डे के खास मौके पर अभिनेत्री ने अपनी शादी की एक फोटो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अपने पति को वेलेंटाइन डे विश किया है।

**अनन्या पांडे**

अनन्या पांडे ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से फूल और दिल




शेप वाले गुब्बारे की तस्वीर को साझा किया है। उनकी इन तस्वीरों को देखकर सोशल मीडिया पर कयास लगने लगे हैं कि कहीं ये फूल आदित्य रॉय कपूर ने तो नहीं भेजे हैं।

**शहनाज गिल**

बिग बॉस 13 से मशहूर हुई शहनाज गिल लाइम लाइट में रहना बखूबी जानती हैं। उन्होंने भी आज अपने सोशल मीडिया हैंडल से प्यार के इस त्योहार को सेलिब्रेट करते हुए अपने किसी खास को बेबी आई लव यू कहती नजर आई हैं। सोशल मीडिया पर उनका ये अंदाज काफी वायरल हो रहा है।

**रणदीप हुड्डा**

अभिनेता रणदीप हुड्डा भी अपनी नई नवेली दुल्हन लिन लैशराम को बेहद खास अंदाज में वैलेंटाइन डे विश करते नजर आ रहे हैं। रणदीप ने अपने सोशल मीडिया



हैंडल से एक खूबसूरत सी तस्वीर को साझा करते हुए लिन पर प्यार लुटाया है।



# रिजेक्शन की मार झेल चुकी हैं मौनी रॉय

टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री मौनी रॉय अब बॉलीवुड में भी अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हैं। मौनी ने अपने सफर की शुरुआत एकता कपूर के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी से किया था। धीरे-धीरे उन्होंने फिल्मों में भी काम करना शुरू किया और आज वे करण जौहर के साथ काम कर रही हैं, लेकिन मौनी के लिए ये सफर बिलकुल भी आसान नहीं था। हाल ही में अभिनेत्री ने मीडिया से खुलकर अपने संघर्ष के दिनों के बारे में बातें की हैं।

बॉलीवुड के किसी भी स्टार के लिए करण जौहर के साथ काम करना एक सपने जैसा होता है। मौनी रॉय इन दिनों 'धर्मा प्रोडक्शन' के शो शोटाइम में काम कर रही हैं। मौनी अपनी इस सफलता से काफी खुश हैं, लेकिन उन्हें अपने संघर्ष वाले दिन भी याद हैं। अभिनेत्री ने मीडिया से अपने दर्द को साझा करते हुए कहा, जब मैं किसी फिल्म के लिए ऑडिशन देने जाती थी तो लोग मुझे रिजेक्ट कर देते थे। उन्हें लगता था कि मैं टेलीविजन से आई हूं तो एक्टिंग नहीं कर पाउंगी।

**कड़वाहट नहीं है मन में किसी के प्रति**

लोगों को लग सकता है कि मौनी रॉय के लिए टेलीविजन से लेकर फिल्मों तक का सफर आसान रहा है। वहीं, मौनी इस बात से इत्तिफाक नहीं रखती हैं। उन्होंने अपनी बात जारी रखते हुए कहा, शुरूआती दिनों में जब मैं किसी निर्देशक से काम मांगने जाती थी तब वे बोलते थे, आप में स्टार वाली बात नहीं है। आप बड़े परदे के लिए नहीं बनी हैं, लेकिन सच कहूं तो मेरे मन में किसी के लिए कोई कड़वाहट नहीं है। मैं बस अपने काम पर फोकस करना चाहती हूं।

# डीएम की अध्यक्षता में उद्यान, पशुपालन, मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

प्रखर संतकबीरनगर। 14 फरवरी 2024 जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में उद्यान विभाग, पशु पालन एवं मत्स्य विभाग के क्रियाकलापों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार उपस्थित रहे।



जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि उद्यान विभाग के अंतर्गत आईजीआरएस के माध्यम से 6 शिकायत के मामले प्राप्त हुए थे, जिन्हें ससमय निस्तारित कर लिया गया था। पिछली बैठक के दौरान दिए गए सभी निदेर्शों का अनुपालन कर लिया गया था। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत शाकभाजी क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम में 125 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष 132 हेक्टेयर हेतु कृषको द्वारा पंजीकरण कराया गया है। लक्ष्यों की पूर्ति माह फरवरी में कर ली जाएगी।

उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि बखिरा झील के आस पास के क्षेत्र में औद्यानिक फसलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खलीलाबाद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी तथा स्मार्ट यील्ड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा इच्छा व्यक्त की गई है। इनके द्वारा 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल में केले की खेती तथा केला आधारित उद्योग लगाया जाएगा।

इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान जनपद में स्थापित गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंश के रखरखाव, चिकित्सा व्यवस्था, ठंड से बचाव की व्यवस्था तथा अभियान के तहत गोवंश संरक्षण एवं मा० मुख्य मंत्री दर्पण पोर्टल की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने गो-आश्रय स्थल पर हरे चारे की व्यवस्था हेतु तहसीलों के समस्त उपजिलाधिकारी से व्यक्तिगत संपर्क कर ग्रामवार बंजर, चारगाह की सूची प्राप्त कर उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये गये तथा संरक्षण अभियान के तहत समस्त कैटिल कैचर चालू हालत में रखने तथा आश्रय स्थल पर ठण्ड से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था कराने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। समस्त आश्रय स्थलो का स्थलीय सत्यापन कर आश्रय स्थल पर चूनी, चोकर, भूसा एवं हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था हेतु तथा प्रतिदिन भ्रमण कर गोवंशो के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु समस्त पशु चिकित्साविद् को निर्देशित किया गया साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पशुचिकित्साविद् द्वारा कम से कम 15 से 20 गोवंश मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के इच्छुक लाभार्थियों का आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया गया।

इसी क्रम में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पादा योजना एवं मछुआरा दुर्घटना बीमा योजना की समीक्षा के दौरान संतोषजनक प्रगति पायी गयी। इस अवसर पर पी0डी0 संजय कुमार नायक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 यशपाल सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी मत्स्य विजय कुमार मिश्र, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका तथा नगर पंचायत एवं समस्त पशु चिकित्साविद् उपस्थित रहे।

## संकट मोचन मंदिर में हुआ भंडारा का आयोजन



खेतासराय (जौनपुर)। कन्या इंटर कॉलेज के परिसर में स्थित संकट मोचन मंदिर में गुरुवार की शाम भव्य भंडारे का आयोजन हुआ । पंडित सचिन नंदन तिवारी की देख रेख में रामायण पाठ का आयोजन हुआ । सांयकाल जुटे श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा । बुधवार को कार्यक्रम के पहले दिन रामायण पाठ सम्पन्न हुआ । सहयोग में भाजपा कार्यकता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग शामिल रहे । इस मौके पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम आयोजक नेता संजय विश्वकर्मा, कृष्ण मुरारी मौर्या, राजू विश्वकर्मा, रायसाहब गुप्ता, पंडित जगदीश मिश्रा, पन्ना सेठ, चंद्रजीत मौर्या, पप्पू पटवा, मनोज मौर्या, राकेश गुप्ता, नितेश गुप्ता आदि लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा द्वारा चलाया जा रहा गांव चलो अभियान घर-घर चलो अभियान



प्रखर रामनगर गांव चलो अभियान घर-घर चलो अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में पूरे जोश के साथ बनाये गए बुथ प्रवासी अपने अपने बूथो पर निकले और वहां पर कार्यक्रम की बूथ संख्या 366 पर गांव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा नेता कामता पांडेय के आवास पर प्रवास करते हुए रितेश राय, कामता प्रसाद पांडे,पंकज, मुरारी,आदि लोग उपस्थित थे।

### स्पंदन गोमती रामसूरत वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना एवं सुंदरकांड पाठ किया गया



प्रखर रामनगर बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति स्पंदन गोमती रामसूरत वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा अर्चना किया गया साथ ही साथ सुंदरकांड पाठ भी आयोजित किया गया... संस्था के अध्यक्ष विभु पांडे ने मां सरस्वती की स्तुति करते हुए सबके सफल जीवन की कामना की .... वरिष्ठ पत्रकार संजय पांडे,अजय कुमार चौबे,श्याम सेठ, शुभम सिंह, शीला, नगीना, तारा, दीपक, शुभम, विराट सभी सभी लोगों ने मां सरस्वती की आराधना की अजय कुमार चौबे जी ने सुंदर भजनों और स्तुति के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया.. संस्था के अध्यक्ष विभु पांडे हर छोटे बड़े धार्मिक उत्सव को बड़े ही उल्लास से मनाती है।

### विधि-विधान से हुई मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा



जखनिया ।गाजीपुर । क्षेत्र के बारोडीह गांव स्थित बाबा बागेश्वर धाम परिसर में माता बागेश्वरी मां दुर्गा जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा काशी के वैदिक विद्वान पंडित राजेश्वर पांडे द्वारा मंत्रोचारण के साथ विधि विधान से किया गया। इस दौरान माता के जयकारे बैड बाजे से पूरा परिसर मां के जयकारा से भक्ति मय हो गया। मां के कपाट खुलते ही माताएं भक्ति गीत, माला, फूल, आरती के साथ पूरा परिसर भर गया ।मां का दर्शन पाने के लिए क्षेत्र के शहाबपुर , सदरजहांपुर, समुंदहर, परसपुर , फूलपुर सहित दर्जनों गांव के लोग महा आरती के दौरान माला फूल के साथ पूजन करते रहे ।मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद कुमार पांडे ने बताया कि मां का मंदिर काफी दिनों से प्रस्तावित था , जिनकी मुहूर्त के अनुसार मां की मूर्ति में प्राण बैदिक मंत्र के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई है ।तथा परिसर मे राम भक्त प्रभु श्री हनुमान जी की मूर्ति भी स्थापित की गई है। सायंकाल महा भंडारा का आयोजन देर रात तक चला, जहां पर काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

### एन एस एस के शिविरार्थियों ने की साफ-सफाई

प्रखर जखनिया गाजीपुर। क्षेत्र के सुखदेव किसान पीजी कॉलेज फूलपुर में एन एस एस शिविर के छठवें दिन दो इकाई के शिवरार्थियो ने बरोड़ीह गांव स्थित( सत्ती) मरी मां के मंदिर स्थल की साफ सफाई की गई। इस दौरान शिवरार्थियो को संबोधित करते हुए प्रबंधक भूलन सिंह ने कहा कि शिविर के माध्यम से जो जानकारियां दी गई है उसे शिवरार्थी अपने पास पड़ोस के लोगों को जागरूक करें । बताया कि आज आए दिन आबादी बढ़ने से उपजाऊ जमीन कम होती जा रही है , ऐसे में जनसंख्या नियंत्रण की भी बात कही । कहा घरों के पास खाली पड़ी जमीन में पौधारोपण कराये जो हर मानव के लिए ऑक्सीजन देकर औषधि का काम करते हैं ।शुद्ध पेय जल के लिए हर गांव में पानी टंकी लगाकर घर-घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। जल ही जीवन है शुद्ध पेयजल का प्रयोग करने से मनुष्य पूर्ण रूप से स्वस्थ रह सकता है ।गंदगी से बचें सारे रोग की जड़ है गंदगी । स्वस्थ रहने के लिए सरकार भी साफ सफाई के लिए अभियान चला कर लोगों को जागरुक कर रही है, गंदगी होने पर तमाम प्रकार की संक्रामक बीमारी में होने का भय रहता है ।आज देश में उग्रवाद आतंकवाद बढ़ता जा रहा है, बालिकाओं को जागरुक करते हुए कहा कि गांव में संदिग्ध ब्यक्ति दिखाई दें तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित पुलिस को दे। इसके लिए महिला सुरक्षा के लिए शासन द्वारा टोल फ्री नंबर जारी कर दिए गए हैं ।उसे याद रखें विशेष परिस्थिति में इन नंबरों का उपयोग करें । मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता सिंह, डॉक्टर ज्योति सिंह, उषा सिंह, कांति गिरी, नीलू, नीतू, रोशनी, करिश्मा सहित काफी संख्या में रहे ।जिसका संचालन हेमंत सिंह ने किया।

# जनसहयोग कार्यालय बड़ागांव में पिंडरा विधायक डॉ.अवधेश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

प्रखर वाराणसी। जनसहयोग कार्यालय बड़ागांव में पिंडरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह के नेतृत्व में पूर्व व वर्त्तमान ग्राम प्रधान ,जिला पंचायत सदस्य,क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्या ग्रहण की। अपने सम्बोधन में विधायक पिंडरा ने कहाँ कि भारतीय जनता पार्टी परिवार में आप सभी का स्वागत अभिनन्दन है,देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज का सर्वांगीण विकास किया है उससे प्रेरित होकर के आप सभी ने भाजपा कि सदस्या ग्रहण किया है उससे हमारी पार्टी भविष्य में और भी मजबूत होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व मुख्यमंत्री का नारा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास,सबका कल्याण है जो आज जन-जन तक बिना किसी भेद-भाव के चरितार्थ हो रहा है इसी से प्रेरित होकर एवं विधायक पिंडरा द्वारा किये गए जनकल्याणकारी व विकास को देखते हुए अपने साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता लिए है पूर्व अपना दल एस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश पटेल ने कहा संचालन जिला महामंत्री भाजपा डॉ.जे पी दुबे, धन्यवाद विधानसभा संयोजक लोकसभा चुनाव अजय ऊदल ने किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख बड़ागांव सत्येंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह,मण्डल अध्यक्ष अरबिन्द मिश्रा, अजय पटेल, मनीष पाठक,सर्मेश सिंह, हौशीला पाण्डेय, दीपक सिंह किमो.,रवि मिश्रा, प्रधान संघ अध्यक्ष रवि तिवारी, अजित पटेल, संजय पाण्डेय, धनंजय सिंह,श्रवण पटेल, सुरेश पटेल, रामप्रवेश पप्पू, रवि पटेल सहित गणमान्य उपस्थित रहें।



# विकास के लिए युवाओं की सोच सकारात्मक जरूरी : जीशान

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। प्रत्येक युवा को समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करना चाहिए । अमीर गरीब के भेदभाव भूलकर समाज के उत्थान में कार्य करना चाहिए । समाज के युवाओं का बौद्धिक स्तर ऊंचा होना चाहिए । सकारात्मक सोच से ही आगे बढ़ने में मददगार साबित होती । संकीर्ण मानसिकता वाले युवा जिंदगी के दौड़ में पीछे रह जाते है। उक्त विचार गुरुवार को शाहगंज स्तिथ भादी में 'समाज सेवा में युवाओं की सहभागिता' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में जेड एफएम फाउंडेशन के अध्यक्ष जीशान अहमद ने कही । वह अपना उद्बोधन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कार्यक्रम में रखा। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में युवाओं को जागरूक होना काफी अहम है। अगर युवा शिक्षित है तो उसे राष्ट्र और समाज का विकास में योगदान को रोक नही सकता है। श्री खान ने कहा कि समाज को बेहतर दिशा देने के लिए उसे अपने विचार धारा में बदलाव की जरूरत है । देश का निर्माण अच्छे समाज से ही होता है। प्रतिनिधि डम्पी तिवारी, रफीक फूलपूरी व चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह बंटी ने कहा कि युवाओ की सोच देश और समाज के प्रति लगातार बदल रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से नौशाद मंसूरी, यूसुफ खान, अशोक यादव, शाहबुद्दीन चौधरी, एडवोकेट जावेद आलम, राहुल कुमार अंचल समेत अन्य लोग शामिल रहे।



**मात्र पन्द्रह रुपये में फाउंडेशन उपलब्ध करा रही है भोजन**- खेतासराय (जौनपुर)। यहाँ आयोजित कार्यक्रम में संगठन के प्रवक्ता रफीक फूलपूरी ने बताया कि फाउंडेशन गरीबों और मजलूमो के लिए कार्य कर रही है । मात्र पन्द्रह रुपये में आजमगढ़ जनपद में राहगीरों को खाना उपलब्ध करा रही है । लोगों को हैंडपंप के साथ अन्य आधारभूति योजनाओं को संचालित कर रही है । निर्धनों की शादी के कार्यो में सहयोग और बच्चों के कापी किताब भी उपलब्ध करा रही है । संगठन आजमगढ़ और जौनपुर में कार्य कर रही है ।

# ग्रामीण क्षेत्र में क्वालिटी रिसर्च में आती हैं दिक्कतें : डॉ. तनु डंग

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में संकाय भवन के कांफ्रेंस हाल में चल रहे भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो साप्ताहिक कार्यशाला में बुधवार को रिसर्च मेथेड यूज्ड इन मीडिया कम्युनिकेशन रिसर्च पर चर्चा की गई। इस अवसर पर इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय दिल्ली की जनसंचार विभाग की डॉ. तनु डंग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर चर्चा करते हुए कहा कि वह ज्ञान को बढ़ा नहीं रही है बल्कि डंप कर रहा है। आजकल किसी भी स्टडी या रिसर्च में चैट जीपीटी का प्रयोग विद्यार्थी बहुत तेजी से हो रहा है। इसमें कामन आइडिया होता है । वह जो आपको दे रहा है वह दूसरे को भी दे रहा है वह भी बिना किसी संदर्भ के। उन्होंने एआई और चैट जीपीटी पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उनकी खामियों को बताया। कहा कि इसके इस्तेमाल से कॉपी राइट का खतरा बढ़ता है। उन्होंने शोध प्राविधि में फोकस ग्रुप डिस्कशन की अच्छाइयों पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि इसमें हम कुछ प्रश्न की फ्रेमिंग करके जाते हैं लेकिन स्टडी में डायरेक्शन चेंज हो जाता है। उन्होंने बिहेवियर चेंज कम्युनिकेशन और क्वालिटेटिव रिसर्च के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इसकी स्टडी में काफी परेशानी आती है। ट्रेंड एनालिसिस पर उन्होंने कहा कि यह किसी भी क्षेत्र के मार्गदर्शन में बहुत सहायक होता है कि वह भविष्य में कहां होना चाहता है। यह राजस्व और लागत पर ऐतिहासिक डेटा की भी पहचान करता है और अधिक खर्च और राजस्व में गिरावट जैसे समस्या क्षेत्रों को चिह्नित कर सकता है। निवेश के साथ, प्रवृत्ति विश्लेषण उपयोगी है क्योंकि किसी स्टॉक के व्यवहार का अनुसरण करने से बाजार में उसके भविष्य के प्रदर्शन के संकेत मिल सकते हैं। इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव,डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, बब्बन कुमार, अनुपम, श्रुति श्रीवास्तव, दीपक कुमार यादव, एजाज अहमद, डॉ. दया सिंधु, डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. कपिलदेव, डॉ. वीरेंद्र कुमार साहू, डॉ. दीपक कुमार दास प्रतिमा मौर्या आदि उपस्थित थीं।



# विद्याज्ञान की अलौकिक शक्ति है मां हंसवाहिनी : डॉक्टर शुभ्रा वर्मा

प्रखर वाराणसी। विद्याज्ञान की अलौकिक शक्ति है मां हंस वाहिनी। माता ज्ञानवानों कोऔर गीत, संगीत के विद्यार्थियों को अद्भुत ज्ञान देती है मां सरस्वती। यह वक्त बातें बुधवार को काशी विद्यापीठ के नाट्य अनुभाग्य के प्रवक्ता डॉक्टर शुभ्रा वर्मा ने मां सरस्वती की पूजा अर्चन के पश्चात विद्यार्थियों को संबोधन करते हुए कहा ।उन्होंने कहा कि मां का जो सच्चा साधक होता है। उसे माता सरस्वती अद्भुत विद्या की ज्ञान देती है इसलिए सभी विद्यार्थियों को नाट्य कला छात्र छात्राओं को मां सरस्वती का हमेशा पूजा पाठ करना चाहिए। वही प्रोफेसर अरुण जैन ने कहा कि मां के साधक जो होते हैं उन्हें माता सरस्वती अद्भुत शक्ति और विद्या की शक्तियों से मालामाल कर देती है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके विधि विधान के साथ पूजा अर्चन किया गया। पूजार्चन विधि विधान से से नाट्य कला के छात्र अरविंद गुप्ता ने किया साथ में नाट्य कला अनुभाग के छात्र छात्राएं मौजूद रही। सभी ने मां की आरती की इस अवसर पर सभी लोगों ने पीले वस्त्र धारण किए जिसमें प्रमुख रूप से आरती करते हुए डॉक्टर लियाकत अली जलज ने कहा कि यदि मां सरस्वती किसी के जिह्वा पर है तो लक्ष्मी स्वयं चली आती है। उसे किसी प्रकार का कभी कोई दुख नहीं होता है कार्यक्रम में संगीता कुमारी आयुषी गौतम, रैना गुप्ता, एंजेल पाल, रंजना सोनकर, भानु प्रताप राय, रामकृष्ण यादव, अमरजीत, कुंदन कुमार मौर्य, कुंदन कुमार, विनय कुमार महादेव, अजीत कुमार, आयुष सिंह, आनंद।कुमार, दिव्यांश कुमार शामिल रहे। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। छात्र/छात्राओं ने मां सरस्वती पाठ किया और राम के भजन गए।



# शिक्षा से ही विकसित भारत की परिकल्पना होगी साकारः रमेश सिंह

प्रखर शाहगंज। इंदिरा स्मारक सर्वोदय इंटर कॉलेज कटघर रामनगर का 38 वां वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजा अर्चना सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाहगंज के विधायक रमेश सिंह का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर-के स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट एवं शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। छात्राओं द्वारा आज गली-गली अवध सजाएंगे,राम आएंगे समूह नृत्य ने मौजूद श्रोताओं को 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की याद ताजी कर दी।लोग इस तरह से भाव विभोर हो उठे जैसे वह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में स्वयं मौजूद हों।मुख्य अतिथि ने विद्यालय द्वारा कई दशकों से बच्चों को प्रदान की जा रही उत्कृष्ट शिक्षा को सराहा।विधायक ने छात्र-छात्राओं से शिक्षा ग्रहण करके लक्ष्य निर्धारित करके जीवन की ऊंचाइयों की बुलंदियों को छूने का आह्वान किया।



उन्होंने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का आधार है।हर तबके के बच्चों को शिक्षित करके ही विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार गांव के अंतिम गरीब व्यक्ति के बच्चों को शिक्षित करके उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम कर रही है ।उन्होंने 300 मी लंबी पक्की सड़क बनवाने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि सड़क बन जाने से छात्र-छात्राओं को बरसात के दिनों में आवागमन में होने वाली समस्या से निजात मिलेगी।

उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ उमेश चंद्र तिवारी गुरुजी ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु बच्चों को संस्कारित करने के साथ-साथ उनमें बहुमुखी प्रतिभा का विकास करता है। वर्ष भर की उपलब्धि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम से प्रकट होती है। अतिथियों का स्वागत, धन्यवाद एवं आभार ज्ञापन प्रबंधक महेंद्र प्रताप मिश्र ने किया। अध्यक्षता रामनारायण दुबे तथा संचालन अजय मिश्रा ने किया। डॉ दिनेश कुमार सिंह,राम नवल दुबे आदि लोगों ने भी अपने विचार प्रकट किये।

इस अवसर पर डॉ विनोद कुमार सिंह वत्स,सुधाकर सिंह, पारसनाथ यादव,डा.आलोक सिंह पालीवाल ,हरिश्चंद्र बिंद प्रधान ,रणविजय सिंह,प्राचार्य डॉ कुँवर सिंह यादव,विनय कुमार वर्मा,ठाकुर प्रसाद तिवारी,चंदन निषाद ,ज्ञानी श्रीवास्तव ,खुशीराम मिश्रा,देवेंद्र कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रमाकांत शुक्ला सहित समस्त शिक्षक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का सदस्यता अभियान तेज, 881 लोगों ने ली सदस्यता

वाराणसी। वाराणसी में आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व दक्षिणी,उत्तरी व कैंट विधानसभा में अन्य दलों के कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की तथा साथ ही सैकड़ों लोगों ने घर वापसी किया,उत्तरी में 356, दक्षिणी में 125 तथा कैंट में 300 लोग हुए शामिल` उत्तरी विधानसभा में हुए मिलन समारोह में प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि भाजपा में सभी का सम्मान बराबर है सबका साथ सबका विकास पर पार्टी काम करती है सभी लोग पूरी निष्ठा के साथ जुड़कर पार्टी को मजबूत करें` भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने पार्टी में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि उनका पूरा सम्मान होगा और पार्टी को मजबूती मिलेगी भाजपा सरकार में बिना भेदभाव सभी का कार्य होता है महानगर अध्यक्ष ने पटका, टोपी और माला पहनकर स्वागत किया। भाजपा कार्यालय नीचीबाग में हुए कार्यक्रम में विधायक डा. नीलकंठ तिवारी ने सभी नए सदस्यों को पटका पहना कर पार्टी में शामिल कराया,इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में मोदी जी के कामों एवं राज्य में मुख्यमंत्री योगी जी की नीतियों से प्रभावित होकर, सभी पार्टियों एवं सामाजिक क्षेत्रों के लोग भाजपा से जुड़ना चाहते हैं` डा.नीलकंठ तिवारी ने कहा की आज जनता अपने आसपास विकास को महसूस कर रही है लिहाजा जनता का दवाब अपने जनप्रतिनिधियों पर रहता है कि वे विकसित भारत की यात्रा में मोदी जी का साथ दे। कैंट विधानसभा में गुलाब बाग सिगरा पार्टी कार्यालय पर हुए आयोजन में कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी से प्रभावित होकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टी के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की मार्गदर्शक भावना सबका साथ सबका विकास हर किसी को आकर्षित कर रही है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं